


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 30 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-001 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


**तरुण छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस**

## रामजी करेंगे बेड़ा पार

**प्रकाश शर्मा**

'आम आदमी का अपना अखबार' इस ध्येय वाक्य को निभाते हुए हमारा अपना 'तरुण छत्तीसगढ़' कल 38 वर्ष की दहलीज को लांघकर 39 वें वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। नवमीं पर आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मानव जाति को नैतिकता व संस्कार का पाठ पढ़ाने मानव लोक में त्रेता युग में जन्म लिए थे। कलयुग में रामनवमीं के दिन सत्य, बेबाकी और साफ-सुथरी ताजी खबरों को मानव हाथों तक पहुंचाने तरुण छत्तीसगढ़ का पहला सांध्य संस्करण प्रकाशित हुआ था। यह बताना जरूरी होगा कि जर्जर मकान, बरसात में चूहने और गर्मी में धमन भट्ठी जैसे तपते दफ्तर से लेकर अब शानदार और विशाल आफिस तक का सफर अत्यंत कष्टदायक रहा है। यात्रा के इन वर्षों के अधिकतर हिस्से कई तरह की बाधाओं के साथ ही सबसे बड़ी परेशानी अर्थाभाव से भरे रहे। फिर भी हमारा अपना तरुण छत्तीसगढ़ माता कौशल्या नंदन की कृपा से हर शाम अपने प्रिय पाठकों तक अनवरत पहुंचता रहा है। ये कैसे संभव हुआ! सच में भगवान राम ही जाने। मुझे अच्छे से याद है प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र के सिर पर पहाड़ जैसे उधारों का बोझ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। घर-परिवार भी इतना सक्षम नहीं कि मदद की उम्मीद की जाए। हाँ, इतना जरूर होता था कि नाराज होकर ही सही यदाकदा बाबूजी सहायता कर दिया करते थे। उन दिनों हमने महसूस किया था कि वाकई ईश्वर कसौटी में कस कर अपने भक्तों की कड़ी परीक्षा लेते हैं। अच्छे दिन यूं ही नहीं आते हैं। मिश्र जी अंगद के पांव की तरह अखबार के कांटों से भरे मैदान में जमे रहे। उनमें हनुमान का ही बल और धैर्य था कि विकटतम परिस्थितियों में भी तरुण छत्तीसगढ़ का प्रकाशन होता रहा है। जामवंत के अनुभव व सुग्रीव की जिद ने तरुण छत्तीसगढ़ को कल्पना से परे एक नया मुकाम दे दिया है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ खबर पालिका के रूप में तरुण छत्तीसगढ़ आज भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। अखबार कभी बूढ़ा नहीं होता है तभी तो तरुण छत्तीसगढ़ आज भी तरुण ही है। लेकिन सोच के मामले में मेच्योर है। तेवर में आग है। अखबार में लाग लपेट,गपबाजी तथा पीली पत्रकारिता के लिए कोई स्थान नहीं है। धनाभाव के कारण अखबार को रंगीन होने में वक्त लगा। कलर अखबार का युग आने के बाद भी काफी वर्षों तक तरुण छत्तीसगढ़ काले शब्द-अक्षरों में जरूर छपता रहा किंतु अखबार की आत्मा, चरित्र और सोच कभी काली नहीं हुई। देर-सबेर वक्त की मांग पर अखबार रंगीन अवश्य हुआ परंतु मिजाज में रंगीनीनियत का दाग कभी लगा नहीं। भगवान राम के जन्मदिन पर पैदा होने वाला समाचार पत्र पर भला कैसे वन टू का फोर कर सकता है। दो और दो पांच का गणित कभी आया ही नहीं। तरुण छत्तीसगढ़ का बेड़ा तो दशरथ नंदन श्रीराम पार लगा ही रहे हैं। चुनावी वर्ष में राजनीतिक दल भी किसी न रूप में जानकीनाथ की शरण में जाने को आतुर नजर आ रहे हैं। राजनीति दलों को लग रहा है कि श्रीराम वन गमन पथ पर चलकर ही राजपाट हासिल किया जा सकता है। भाजपा तो पहले से ही राम नाम की माला फेर रही है। कांग्रेस भी अब राम रक्षा स्त्रोत जपने लगी है।



भाजपा ने तो जय-जय श्रीराम के नारे को मानो पेटेंट ही करा लिया है। कांग्रेस भी उम्मीद से है कि रामजी ही बेड़ा पार कराएंगे। अब देखो न कांग्रेस शासन काल में प्रभु राम की माता कौशल्या का नयनाभिराम भव्य मंदिर ग्राम चंदखुरी में बनवाया गया है। राम वन गमन पथ का विकास कर कांग्रेस ने यह जनसंदेश दिया है कि राम पर केवल भाजपा का एकाधिकार नहीं है, हम भी राम भक्त हैं। भगवान राम की प्रतिमाएं भी स्थापित की जा रही है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा प्रभु राम को वोट बटोरने का उपाय बनाने से पहले इस बात का ध्यान रखना होगा कि वे राजनीतिक मर्यादा का पालन कर रहे हैं या नहीं। राम तो मर्यादा की धार पर चलते हुए पुरूषोत्तम बने। इसी मर्यादा की सरहद में रहकर ही छत्तीसगढ़ को राज्योत्तम बनाया जा सकता है। राम वन गमन पथ का विकास करने भर से राम राज या सुराज का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है। भगवान राम वन पहाड़ों तथा नदी-नालों के रास्ते यूं ही नहीं चले हैं। उन्होंने वन पथ पर चल कर दलित शोषितों का भला किया। सिर्फ आदिवासियों को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को सुनीति व सुकर्म का रास्ता दिखाया। भ्रष्टाचार रूपी राक्षसों का अंत कर सुख-शांति कायम की। वास्तव में राक्षस राज रावण का वध करने श्रीलंका तक पहुंचने का प्रभु ने जिस पथ का चयन किया उस पथ के हर पड़ाव पर मानव सेवा का संदेश उन्होंने दिया है। भगवान राम ने इस पथ पर चलकर बुराई के प्रतीक दशानन का नाश किया था। आज भी उनके दिखाए रास्ते प्रासंगिक हैं। भगवान राम बनना तो संभव नहीं है किंतु भगवान राम के आचार-विचार को काफी हद तक अपनाया तो जा सकता है। तरुण छत्तीसगढ़ राम के आदर्शों पर चलकर पाठकों की सेवा में रत है। हम ईश्वर के दिखाए रास्तों का अनुसरणकर्ता व संदेश वाहक हैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम है।

**रामनवमीं की बधाई**
**जय श्रीराम**

## छत धंसने से 25 से ज्यादा श्रद्धालु बावड़ी में गिरे



**इंदौर,30 मार्च।** राम नवमीं के दिन एक बड़ी घटना सामने आ रही है जहां मंदिर की बावड़ी धंसने से करीबन 25 से ज्यादा लोग कुएं में गिर गए। पूरी घटना इंदौर के झूलेलाल मंदिर की है। बताया जा रहा है कि मंदिर की छत धंसने से कई लोग बावड़ी में गिर गए। इस घटना के बाद पूरा प्रशासन मौके पर पहुंच गया है। स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर पर बावड़ी की छत धंसने से 25 से अधिक लोग बावड़ी में जा गिरे। बावड़ी में गिरे लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक पांच लोगों को बाहर निकाला। प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। मंदिर से सभी श्रद्धालुओं को बाहर कर दिया गया है। एंबुलेंस भी पहुंच गई है। अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि जो लोग बाउडी में गिरे हैं, उनकी स्थिति कैसी है। उन्हें रस्सी से खींचकर बाहर निकालने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में आग

**हैदराबाद,30 मार्च।** आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में बने वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में राम नवमी के मौके पर बड़ा हादसा हो गया। यहां मंदिर में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटें मंदिर की छत तक पहुंच गईं। मंदिर में राम नवमी के लिए खास तौर से पंडाल लगाया गया था, जिसमें आग लग गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। आग अचानक इतनी बढ़ी की पूरे पंडाल को घेर लिया। राहत है कि इस आग की घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के बाद ही रेस्क्यू किया गया और पंडाल से श्रद्धालुओं को बाहर निकालने का काम किया गया। राहत रही कि इस आग लगने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अब तक हादसे में किसी तरह के जान माल की हानि की खबर नहीं है। जानकारी के मुकाबित घटना के बाद सूचना पाकर घटना स्थल पर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची है। मंदिर के आस पास आवाजाही करने पर रोक लगाई गई है। आग पर इस समय काबू पाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि जैसे ही पंडाल में आग लगी वैसे ही हर जगह अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग काफी भयंकर लगी है।

**कन्या भोज**



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के आज अंतिम दिन जोत-जंवारा का विसर्जन किया गया। ग्राम तुलसी (पाटन) के शिवधाम स्थित मां महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में कन्या भोज कराया गया।

## गृह विभाग का फर्जी पत्र, जुर्म दर्ज

**रायपुर 30 मार्च ।** सोशल मीडिया पर शैतानियां भी इन दिनों खूब हो रही है। शासकीय पत्रों में छेड़छाड़ कर वायरल करने के तो आये दिन मामले सामने आते हैं। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों सामने आया, जब गृह विभाग के अवर सचिव के नाम का फर्जी पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो गया। अब इस मामले में गृह विभाग की तरफ से एफआईआर दर्ज करायी गयी है। दरअसल पिछले दिनों सोशल मीडिया में बड़ी तेजी से एक पत्र वायरल हुआ, जिसमें गृह विभाग के अवर सचिव की तरफ से सभी पुलिस अधीक्षकों को राजद्रोह का प्रकरण दर्ज करने का आदेश दिया गया। पत्र में अंधविश्वास फैलाने वालों और मंदिरों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गयी थी। पत्र में अंधविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने के साथ-साथ मंदिरों में कब्जा कर हिंदू राष्ट्र बनाने वालों के खिलाफ एसपी को तुरंत कार्रवाई करने जैसी बातें भी लिखी थी। सोशल मीडिया में वायरल पत्र की जानकारी जब गृह विभाग को हुई, तो अफसर भी हैरान रह गये। सोशल मीडिया में जो पत्र वायरल हुआ, वो तो जारी ही नहीं किया गया था। अब इस फर्जी पत्र के मामले में गृह विभाग के अवर सचिव मनोज श्रीवास्तव ने स्न्नढ्ढक्र दर्ज करायी गयी है। नया रायपुर के राखी थाना पुलिस इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई में जुटी हुई है। पत्र में छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक मंदिरों पर अनाधिकृत कब्जा कर छत्तीसगढ़ में हिंदू राष्ट्र बनाने, अंधविश्वास फैलाने वाले कान्यकुब्ज, सरयुपारिण या अन्य पुजारियों पर राजद्रोह का मामला दर्ज कर कार्यवाही की बात कही गई है।

### महापौर ढेबर के घर ईडी की कार्रवाई खत्म

**रायपुर,30 मार्च।** रायपुर महापौर एजाज ढेबर के बंगले में श्वष्ठ की कार्रवाई आज तड़के साढ़े 3 बजे तक चलती रही। कार्रवाई के बाद जैसे ही एजाज ढेबर बंगले के बाहर निकले समर्थकों ने उन्हें कंधे पर बिठा लिया। फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके समर्थन में नारे लगाते दिखाई दिए। ढेबर के बंगले से निकलते ही ईडी की टीम भी रवाना हो गई









एक नजर



## भिलाई-चरोदा के खेल प्रेमियों का सपना होगा साकार: महापौर

भिलाई, 30 मार्च। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के खेल प्रेमियों का सपना अब साकार होगा। ग्रामीण वार्ड सोमनी में स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। वहीं वसुंधरा नगर वार्ड में सिरसा चौक के पास खेल परिसर की परिकल्पना को साकार रूप मिलने जा रहा है। महापौर निर्मल कोसरे ने सोमवार को होने वाले इन विकास कार्यों की नींव रखी। महापौर ने वार्ड क्रमांक 38 सोमनी में 49 लाख की लागत से स्टेडियम निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने सोमनी में ही 6 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्मार्ट टायलेट की भी नींव रखी। भिलाई.3 के वार्ड क्रमांक 18 वसुंधरा नगर में सिरसा चौक के पास 98 लाख रुपए की लागत से खेल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। महापौर ने बताया कि खेल परिसर में सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट और कबड्डी कोर्ट के साथ क्रिकेट खिलाड़ियों के नेट प्रैक्टिस के लिए पिच का निर्माण किया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने वार्ड क्रमांक 05 में उमदा से पथर्रा पहुंच मार्ग के 60 लाख रुपए से लगभग 10 साल बाद होने वाले डामरीकरण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 03 अकलोरडीह में 08 लाख रुपए से नाली निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया।

## हत्या केआरोपी के पुलिस ने पकड़ा



भिलाई। भिलाई हत्या के बाद फरार आरोपी को बेहतरीन पुलिसिंग, सूझबुझ एवं विवेक से मोहन नगर पुलिस के द्वारा कल रात गश्त के दौरान धर दबोचा। आरोपी को डौंडीलोहारा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है मोहन नगर टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि रात्रि में गश्त के दौरान एक अनजान आदमी को देख कर संदेह के आधार पर पूछताछ की जा रही थी। पूछताछ के दौरान पुलिस को संदेह हुआ और वह थाना में लाकर पूछताछ की गई साथ ही सोशल मीडिया के सहारे से सभी थानों में इसका रिकॉर्ड पता करवाया गया और कुछ देर बाद पता चला की यह मर्डर का फरार आरोपी है। जिसको लोहारा पुलिस खोज बीन कर रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और उसको डौंडीलोहारा पुलिस को सौंपा गया मोहन नगर पुलिस को अपनी सूझबूझ और दक्ष पुलिसिंग से यह सफलता पायी और मर्डर का फरार आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। वही 10 से 12 दिन पूर्व से आरोपी पुलिस की नजर से बचने के लिए छुपा हुआ था। आरोपी महेश कुमार उर्वशा उम्र 31 वर्ष जिला बालोद का रहने वाला है।

## पीएम आवास दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी आवास नहीं मिलने पर थाने में कराई रिपोर्ट दर्ज

भिलाई । नगर निगम भिलाई में अधिकारियों से अच्छी जान पहचान का झांसा देकर प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर लोगों से बाकायदा इकरारनामा कर लाखों रूपये की वसूली की। रूपये देने के दो साल बाद भी लोगों को घर नहीं मिला तो पीड़ित धीरे धीरे थाना पहुंच शिकायत करने लगे हैं।

आज एक शिकायत की तफ्तीश बाद सुपेला पुलिस ने आरोपी महिला ज्योति सोनी, रेशमा खातुन, मकसूद और शाहिद के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है

### दो साल पहले नगरवासियों के द्वारा लिया गया संकल्प हुआ पूरा

# झाराबाहाल में राम नवमी पर राम मंदिर का हुआ भूमिपूजन, बनेगा भव्य राम का मंदिर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

देवभोग, 30 मार्च। दो साल पहले नगर के लोगों ने राम मंदिर बनाने का निर्णय लेकर संकल्प लिया था कि जल्द ही भव्य राम मंदिर का निर्माण करवाएंगे.. वही संकल्प को पूरा करने के लिए नगर के हर वर्ग के लोग भरसक प्रयास भी कर रहे थे.. आमजनों के प्रयास के फलस्वरूप आज वह संकल्प पूरा होने जा रहा है.. आज झाराबाहाल में राम मंदिर निर्माण की नींव पंडित युवराज पाण्डेय महाराज के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर रखा जा रहा है.. यहां बताना लाजमी होगा कि झाराबाहाल में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन शुरू हो गया है.. वही पूजा में पंडित लक्ष्मीनारायण तिवारी और उनकी पत्नी विदुलता तिवारी बैठकर पूजा को सम्पन्न करवा रहे है.. समाचार लिखे जाने तक राम मंदिर भूमिपूजन के लिए पूजा पाठ शुरू हो गया है...



**नगर हो गया राममय-** झाराबाहाल में राममंदिर के भूमिपूजन में पूजा पाठ सम्पन्न करवाने अमलीपदर के पंडित युवराज पाण्डेय महाराज आज जैसे ही देवभोग के झाराबाहाल पहुँचे.. तो युवाओं और महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया...इसके बाद युवाओं की बाइक रैली पंडित जी को लेकर नगर भ्रमण के लिए निकली.. नगर भ्रमण के दौरान पंडित जी नगर के प्राचीन मंदिर जगन्नाथ मंदिर में पहुँचे.. जहाँ उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की प्रार्थना की.. इसके बाद बाइक रैली में शामिल युवाओं ने पंडित युवराज पाण्डेय और कर्ता लक्ष्मीनारायण तिवारी और उनकी पत्नी विदुलता तिवारी का भव्य स्वागत किया और उन्हें लेकर झाराबाहाल के साई मंदिर पहुंची.. जहाँ राम मंदिर के भूमिपूजन का पूजा सम्पन्न होना था.. जहाँ फिर से पंडित जी को फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया गया.. बाइक रैली के दौरान पूरा नगर जय जय श्री राम के जयकारों से गूँजता रहा..

**15 डिसमिल में बनेगा भव्य राम मंदिर-** राम मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि झाराबाहाल में साई मंदिर के प्रांगन में 15 डिसमिल में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जायेगा.. सभी ने बताया कि आज भूमिपूजन होने के बाद मंदिर निर्माण का कार्य भी शुरू हो जायेगा..आज भूमिपूजन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है.. समिति के सदस्यों के मुताबिक भंडारा दोपहर में शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा...

**साई मंदिर बनाने का संकल्प भी कर चुके है पूरा-** यहां बताना लाजमी होगा कि इससे पहले भी नगरवासियों ने साई मंदिर बनाने का संकल्प लिया था.. उस संकल्प को नगरवासी पूरा भी कर चुके है.. नगर के युवाओं ने अपने दृढ़ निश्चय के बदौलत बंजर पड़ी पहाड़ी जमीन को हरा भरा कर गार्डन में तब्दील कर दिया है.. वही पहाड़ के ऊपर बनी साई मंदिर भी नगरवासियों के आस्था का प्रतीक है।

## ममता की कार्यशैली से प्रभावित होकर 50 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 30 मार्च। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत वनाचल ग्राम कुकुदुर में कांग्रेस पार्टी की नीति रीति एव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एव क्षेत्रीय विधायक ममता मनोज चंद्राकर की कार्यशैली से प्रभावित होकर प्रभावशाली वनांचल के भाजपा नेता के नेतृत्व 50 लोगो ने कांग्रेस प्रवेश की पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर* अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत कुकदुर प्रवास पर थी जहां विधायक ममता के द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो एव कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल कुकदुर स्व.श्री शिकारी राम बैगा के पुत्र प्यारे चिखलिया के नेतृत्व में प्रभावशाली 50 व्यक्तियों ने विधायक ममता के समक्ष कांग्रेस की प्रति आस्था जताते हुए कांग्रेस का दामन थामा सभी नव प्रवेशी व्यक्तियों को विधायक ममता ने कांग्रेस की गमछा पहनाकर स्वागत किया वही कांग्रेस में जुड़ते वाले सभी व्यक्तियों कांग्रेस की नीति रीति में चलते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पूरे निष्ठा एव ईमानदारी से कांग्रेस की प्रति कार्य करने एव कांग्रेस में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने की बात कही ये लोग हुए कांग्रेस की चंदरलाल बैगा बिशाहु विश्वकर्मा सदरल विश्वकर्मा मंशाराम पुशाम,रामू सिंह पुसाम बबलू पूसाम संभल पूशाम राजकुमार पनिका फूलबासन बाई बैगा धर्मिन बाई बैगा सावित्री बैगा रामाधार बैगा रज्जू बैगा मंशाराम बैगा जनकराम बैगा नंदराम बैगा कृष्णा साहू बलराम साहू शत्रुहन रामकुमार बैगा लक्ष्मण बैगा तेजराम गोंड राजबहादुर गोंड सहित अन्य लोगो ने कांग्रेस में शामिल हुए इन प्रभावशाली व्यक्तियों के कांग्रेस प्रवेश से निश्चित ही वनांचल में कांग्रेस एव विधायक ममता चंद्राकर के हाथ मजबूत होगी ।

## स्वागत द्वार का विधायक ने किया लोकार्पण



भिलाई, 30 मार्च। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव वार्ड 40 छावनी आदिवासी नगर पहुंचे। जहां वार्ड वासियों को स्वागत द्वार और सर्व सुविधा युक्त शौचालय की सौगात दी। वार्ड वासियों और आदिवासी समाज के प्रभुत्व जनों के साथ मिलकर विधायक यादव ने दोनों विकास कार्यो का लोकार्पण किया। विधि विधान के साथ लोकार्पण समारोह का आयोजन हुआ। सबसे पहले विधायक यादव वार्ड में पहुंचे। इस दौरान यादव ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी वार्ड वासियों और आदिवासी समुदाय के लोगों का हमेशा से मुझे प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा है। हम सब एक परिवार का हिस्सा है और जब परिवार एकजुट होता है तो पूरा परिवार हर समस्या से लड़ सकते है। हम सब ने मिलकर भिलाई की भलाई के लिए काम किया और सफल भी हुए। पिछली बार मैं यहाँ आया था तब आप सब से मिला आप लोगों ने प्रवेश द्वार और शौचालय की मांग की थी। जिस पर हम सब ने काम किया और आज हम आप सब को प्रवेश द्वार और शौचालय समर्पित कर रहे है। हमने जब भी जो वादा किया उसे हमने पूरा किया। हमारे मुखिया मुख्यमंत्री ने भी सब को पट्टा देने, राशन कार्ड देने, मकान का मालिकाना हक देने का वादा किया जिसे पूरा कर के दिखाए है। अंत में आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि हम सब ने विधायक यादव को हमेशा अपना बेटा माने है, कभी उन्हें नेता नहीं समझे । इसके लिए हम सब वार्ड वासी विधायक यादव का दिल से धन्यवाद और आभार जताते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक यादव ने समाज के लोगों के साथ बैठ कर भोजन किए।

## संयंत्र ने किया ग्राम झेंझरी में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह का आयोजन



भिलाई, 30 मार्च। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) और जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम झेंझरी के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के सभागार में 27 मार्च किशोर स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एन एस ठाकुर ने अपनी टीम के साथ मिलकर लोगों और युवाओं तक अपनी बात पहुंचाई।

## बीएसपी में निकल स्वच्छता पर जागरूकता रैली



भिलाई, 30 मार्च। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में सिंटर सयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में सिन्टर संयंत्र-3 में स्वच्छ भारत अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एम आर के शरीफ की अगुवाई में प्रचालन प्रमुख ए के बेडेकर, मैकेनिकल प्रमुख सी एस राम तथा इलेक्ट्रिकल प्रमुख सौरभ वार्ष्णेय की टीम ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## पंत स्टेडियम में हो रहा है महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन



भिलाई, 30 मार्च। सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैच का आयोजन हो रहा है। महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महापौर नीरज पाल ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। बता दे कि 6 अलग-अलग राज्यों की टीम भिलाई में फुटबॉल मैच के लिए पहुंची है। 8 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा और मैच समाप्त होगा।

## गांवों में सेलून चलाने वालों को शिविर में दिया प्रशिक्षण

पाटन। छत्तीसगढ़ में सर्व सेन नाई समाज के लोग जो ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत हैं और अपना पुश्तैनी कार्य करते हैं या ग्रामीण इलाकों में सैलून संचालन कर रहे हैं उनके लिए परिक्षेत्र सेलूद ब्लाक पाटन जिला दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के सेलून कार्यों में सेवारत सेन बंधुओं एवं महिलाओं ने उत्साह उमंग के साथ इस दौर के इस दौर के हेयर कटिंग, मेकअप की बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझा। ग्राहकों से व्यवहार,नये नयें इंस्ट्रुमेंट, मेकअप मटेरियल व उसकी उपयोगिता के बारे में हेयर गुरु राज़ श्रीवास ने जानकारी दी। तथा मेकअप कार्य की अड़चनों को दूर करने के उपाय बताए। स्कीन आर्टिस्ट निशा सेन तथा श्रीमती



कीर्ति श्रीवास मेकअप करने का तरीका बताया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया,प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु लोगों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प कला बोर्ड की प्रथम अध्यक्षा मोना सेन रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति को अपने आय के स्रोत बढ़ाने के लिए ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में अवसर बढ़ाने तथा मेहंदी लगाने की कला सीखने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। सर्व सेन समाज जिला रायपुर के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में बहुर सेन, घनश्याम उमरे, आशा उमरे, संगीता सेन, नारायण प्रसाद सेन, कमलेश श्रीवास, ईश्वर सेन रायपुर विशिष्ट अतिथि थे । इस अवसर पर भागवत सेन अशोक सेन, तेजराम श्रीवास, सुरेश कौशिक, संतोष सेन, भीखम सेन, राजेश सेन, दुर्ग सुनील सेन ,सुखदेव सेन अशोक सेन मानिकचौरी हरीश सेन ,यशवंत सेन, परस राम सेन खिलेश श्रीवास, अभिषेक सेन भुपेंद्र सेन असोगा, ओमप्रकाश सेन सुरसुली बालोद ,डिकेशवर सेन चिचलगोंदी, नवीन सेन राजनांदगांव, रविकुमार सेन लुचकीपारा दुर्ग मोहन सेन पंहडोर राजेश सेन पंहडोर महेश श्रीवास भागवत सेन अरसनारा,डोमन सेन डिघारी ,मोहन सेन तर्रागोंदी,सुनीता सेन , ज्योति सेन रश्मि श्रीवास, हेमलता कौशिक कु.हरषा सेन , सेन समाज मीडिया प्रभारी मुकेश सेन उपस्थित रहे।

## धरोहरों को सहेजने का कार्य प्रारंभ, महापौर खुद खड़े होकर कर रहे है मानिटरिंग

भिलाई, 30 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के हृदय स्थल सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स का कायाकल्प हो रहा है। महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं। विगत 3 दिनों से महापौर इस स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर स्वयं मैदान पर उतर गए हैं। भिलाई में धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स जो कि काफी दिनों से अपने मूल स्वरूप में तब्दील होने की राह देख रहा था, अब इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। सुपेला के इस स्थल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना



होता है, इसलिए इसे संवारने का काम शीघ्रता से किया जा रहा है। सेवन वंडर्स स्थित परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य में आर्टिस्टिक पेंटिंग, अलग-अलग आकर्षक लाइट, रेलिंग एवं ग्रिल, फुटपाथ निर्माण आदि पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही यह स्थल अपने भव्य स्वरूप में तब्दील होने वाला है, इसके बाद यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां से गुजरने वाले सभी को यह मनमोहक दृश्य का आनंद देगा, वही देश-विदेश के सात अजूबे को लोग एक स्थल पर ही देख पाएंगे। महापौर की मॉनिटरिंग के चलते इसका सौंदर्यीकरण का काम तीव्र गति पर है। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए महापौर स्वयं जुट गए है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही महापौर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ इस स्थल का जायजा लिया था। सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व से ही निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए थे। प्राप्त निर्देश के तारतम्य में इस पर अधिकारियों द्वारा अमल किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के हो जाने से शहरवासी मनमोहक दृश्य का आनंद ले पाएंगे।

दर्शन



## पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर ने मातारानी के दर्शन कर पूजा की

कवर्धा, 30 मार्च। श्रीमती ममता मनोज चंद्राकर विकासखंड पंडरिया के ग्राम कूई में चंडी मंदिर एवं ग्राम कुकदूर में महामाया मंदिर में मत्था टेका मातारानी की दर्शन कर पूजा की और प्रदेश की जनता की समृद्धि व खुशहाली की कामाना की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से भेंट कर हालचाल जाना।

## अंवरी में संत माता कर्मा जयंती समारोह 31 को

अंवरी,30 मार्च। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम अंवरी मे ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत माता कर्मा माता जयंती का आयोजन 31 मार्च को रखा गया है। जिसमें सुबह 10 बजे- माता की पूजा, आरती, 11 बजे -कलश यात्रा एवं दोप. 01 बजे भोजन अवकाश शाम 03 - अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि - श्री चुन्नी लाल साहू जी (सांसद महासमुंद) अध्यक्षता नीलम चन्द्राकर जी (अध्यक्ष, कृषि उपज मंडी समिती कुरुद ) विशिष्ट अतिथि श्रीमती लक्ष्मीकांता हेमंत साहू जी ( छाया विधायक कुरुद ) श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू जी (जनपद अध्यक्ष कुरुद ) श्री कुलदीप गुरूपंच जी (कार्यकारि अध्यक्ष युवा प्रको रायपुर संभाग) श्री गणेश राम साहू जी (कोषाध्यक्ष साहू संघ जिला धमतरी) श्री राधेश्याम साहू (अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरुद ) श्री कामता राम साहू जी ( अध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा ) श्री विश्वनाथ साहू जी ( संरक्षक परि. साहू संघ दरबा) श्री संतराम साहू जी (संरक्षक परि. साहू संघ दरबा) श्रीमती सुमन संतोष साहू जी (सभापति जिला पं. धमतरी), श्री कमलेश साहू (अध्यक्ष परि. साहू संघ दरबा ), श्रीमती चित्ररेखा साहू जी (उपाध्यक्ष परि. साहू संघ दरबा) ,डॉ. श्री लोकेश साहू जी (जनपद सदस्य कुरुद ), श्रीमती परमेश्वरी महेन्द्र साहू जी (जनपद सदस्य कुरुद ) ,श्री बिसाहू राम साहू जी ( पूर्व साहू समाज अध्यक्ष ) ,श्री पुनेश्वर राम साहू जी (सरपंच ग्राम पं. अंवरी) ,श्रीमती मिनेश्वरी साहू जी (सरपंच ग्राम पं. भैसबोड होगे। कार्य क्रम के तैयारी में जुटे संरक्षक लेखराम साहू ,अध्यक्ष भुनेश्वर राम साहू , उपाध्यक्ष रेखराम साहू, कोषाध्यक्ष टोपचंद साहू, सचिव नारायण साहू, महिला उपाध्यक्ष रतनी देवी साहू ,सहसचिव- पुरुषोत्तम साहू, सलाहकार - पुनेश्वर राम साहू, (सरपंच) दौवा राम साहू, थम्मन लाल साहू, कमल साहू फेकू राम साहू, पूर्व अध्यक्ष भोजराम साहू एवं ग्रामीण साहू समाज व समस्त ग्रामवासी अंवरी जुटे हैं ।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने मनाया 40 वां जन्मदिन

भिलाई, 30 मार्च। प्लेट मिल, जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र की उच्च गुणवत्ता वाली स्टील प्लेटों के अग्रणी निर्माता है, ने 29 मार्च को अपना 40वां जन्मदिन मनाया। आज के ही दिन, 29 मार्च, 1983 को प्लेट मिल ने अपनी पहली प्लेट का उत्पादन किया था। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने विशेष रूप से सजाए गए मिल की पहली रोल्ड प्लेट के सामने केक को उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष काटा। सभा को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि चालीस साल पहले, हमने इस यात्रा की शुरुआत उच्चतम गुणवत्ता



वाली स्टील प्लेट बनाने की दृष्टि से की थी। आज हम अपनी उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं और हमें अपनी टीम पर गर्व है जिसने हमें इस मील के पत्थर तक पहुंचने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्लेट मिल को आने वाले और 40 साल की यात्रा के लिए तैयारी करना चाहिए। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि प्लेट मिल द्वारा एक कीर्तिमान को हासिल किया गया है। प्लेट मिल के मुख्य महाप्रबंधक रवींद्र कुमार बिसारे ने मिल की उपलब्धियों का पूरा श्रेय अपनी टीम और सहयोगी एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई सहायता व संरचना को दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम रवींद्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक सुशांता कुमार घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक एम के गोयल, मुख्य महाप्रबंधक तुषारकांत, महाप्रबंधक प्रभारी संजय कुमार उपस्थित रहे। सेफी चेयरमेन व भिलाई इस्पात संयंत्र के आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर एवं उनकी टीम, यूनियन के प्रतिनिधि आनंद पाण्डेय, आर दिनेश एवं श्रवण कुमार भी उपस्थित थे।



ग्राम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक
भाटापारा




ग्राम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
मा. रविन्द्र चौबे
कृषि मंत्री
मा.गिरीश देवांगन
अध्यक्ष-खनिज
विकास निगम
सुशील शर्मा
अध्यक्ष-कृषि उपज मंडी-भाटापारा




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
मा.टी.एस. सिंहदेव
स्वास्थ्य मंत्री
मा.शिवकुमार डहरिया
नगरीय प्रशासन मंत्री
मा.गिरीश देवांगन
अध्यक्ष-खनिज
विकास निगम
सुनीता गुप्ता
अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद
भाटापारा




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सतीश अग्रवाल
निगम मंडल सदस्य
छत्तीसगढ़ शासन




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
प्रगति पथ पर बढ़ता रहे प्रभु श्रीराम
का आशीर्वाद मार्ग प्रशस्त करे
स्व. बृजजीवन राय
राहुल बृजजीवन राय
युवा नेता, भिलाई
प्रशान्त राय




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
के एन प्रेमनाथ
अध्यक्ष-भिलाई नगर व्यापारी एसोसिएशन




कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू सहित परिवार की तरफ से तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को तरुण छत्तीसगढ़ स्थापना स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उमंग पांडेय
नगर पालिका कवर्धा के नेता प्रतिपक्ष एवं
भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य




तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती देव कुमारी चंद्रवंशी
जिला बीजेपी उपाध्यक्ष एवं
पूर्व कवर्धा नगर पालिका उपाध्यक्ष

संपादकीय

## अतीक का आतंक हुआ खत्म

कहा जाता है कि जब जब धर्म की हानि होती है तो धर्म की रक्षा के लिए ईश्वर धरनी पर अवतार लेते हैं। राजनीति में जब अधर्म को बढ़ावा देने वाले बढ़ जाते हैं तो राजनीीति में धर्म की स्थापना के लिए जनता एक व्यक्ति को नेता बनाती है जो फिर से राज्य में धर्म की स्थापना करता है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे ही नेता है। राज्य में पिछले एक दो दशक में जो भी दल सत्ता में रहा उसने सत्ता पर कब्जा बनाए रखने के लिए राजनीति का अपराधीकरण किया। अपराधियो, माफिया को टिकट देकर विधायक, सासद बनाया गया। सासंद,विधायक बन जाने से अपराधियों व माफिया कोई रोकने,टोकने वाला नही बचा। उन्होंने यूपी में अपना आतंक का राज्य स्थपित कर लिया। सपा व बसपा जैसे दलों ने अपराधियों का राजनीति के लिए उपयोग किया तो अपराधियों ने राजनीति का उपयोग अपराध करने के लिए किया। नेताओं व अपराधियों का नापाक गठबंधन ऐसा बन गया था कि किसी को समझ नहीं आता था कि इसे तोड़ा कैसे जाए। इस पर चिंता तो बहुत जाहिर की जाती थी कि राजनीति का अपराधीकरण हो रहा है, लेकिन किसी दल को यह समझ नहीं आता था कि इसे रोको कैसे जाए क्योंकि सत्ता हासिल करने के लिए तब माफिया व अपराधियों का सहयोग सभी दलों को जरूरी लगता था।सत्ता व राजनीति के लिए माफिया का सहयोग जरूरी हो गया तो यूपी में ऐसे माफिया पैदा हुए जिनके सामने सरकार, पुलिस, प्रशासन सब असहाय थे। कहते है कि जब अति हो जाती है तो अति का अंत भी होता है। यूपी के बड़े माफिया अतीक मोहम्मद ने सपा व बसपा के समय जो अति की थी, उसका अंत योगी आदित्यनाथ ने किया है। यूपी में चार दशकों में हुई सरकारों के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपराधी को सजा तक नहीं दिलवा सके। वह अपराध के बाद अपराध करता जाता था, पुलिस जुर्म जरूर दर्ज करती थी लकिन अतीक मोहम्द को एक मामले में भी सजा नहीं दिला पाती थी। बताया जाता है उसके 41 साल के अपराधी जीवन में उसके खिलाप केस दर्ज तो 101 हुए लेकिन पुलसि उसे एक मामले में सजा दिला नहीं पाई। बताया जाता है कि अतीक पर 17 साल की उम्र में पहला केस दर्ज हुआ था। पहली बार अकीत मोहम्मद को 61 साल की उम्र में सजा हुई है। यानी पुलिस उसे किसी मामले में सजा दिला ही नहीं पाती थी। क्योंकि वह कभी विधायक रहता था, कभी सासंद रहता था। उसका आतंक इतना था कि कोई उसके खिलाफ गवाही नहीं देता था, वह लोगों को डरा कर गवाही नहीं देने देता था। जो नहीं मानता था, उसकी हत्या करवा देता थ। पांच बार वह सांसद व विधायक रहा यानी 25 साल तक उसे सरकार का संरक्षण मिलता रहा। उसे सजा नहीं मिलने की एक बड़ी वजह तो यही है कि उसे राजनीतिक दलों ने संरकार का संरक्षम दिया। योगी आदित्यनाथ से पहले जितने भी दल सरकार में रहे सभी को लगता था कि उनके सा्थ अतीक का रहना जरूरी है। योगी आदित्यनाथ पहले ऐसे सीएम हुए जिन्होंने माफिया का सहयोग लेना पंसद नहीं किया। उन्होंने यूपी का माफिया व बदमाशों के आंतक से मुक्त करने का निर्णय लिया और मात्र छह साल में उन तमाम माफ्रिया व बदमाशों के आंकत को समाप्त कर दिया जिसे समाप्त करना असंभव माना जाता था। माफिया राज को समाप्त करने के लिए जो इच्छाशक्ति योगी में थी,बस वह इच्छा शक्ति सपा व बसपा के सुप्रीमों में नहीं थी। बाकी यूपी वही था, जनता वही थी, पुलिस प्रशसन वही था.। योगी ने उसी पुलिस प्रशासन का उपयोग मापिया के अंत के लिए किया। जिसका उपयोग सपा व बसपा नहीं कर पाए। जरूरत पुलिस का मनोबल बढ़ाने की थी। सपा व बसपा के समय पुलिस के मनोबल को बढ़ाया नहीं गया। उन्हें माफिया के खिलाफ कार्रवाई से रोका गया। पुलिस प्रशासन पर माफिया हावी रहे तो पुलिस कैसे कार्रवाई कर सकती है। योगी ने माफिया व बदमाशों का एनकाउंटर करवाना शुरू किया। पुलिस के एनकाउंटर में बदमाश मारे जाने लगे तो पुलिस को मनोबल बढा कि वह बदमाशों को मार सकती है। योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को वह अधिकार दिए जो उनसे छीन लिए गए थे। पुलिस के पीछे सरकार खड़ी थी, पुलिस ने वह किया जो पुलिस को करना चाहिए। इसी का परिणाम है कि आज यूपी में माफिया का डर नहीं है। माफियो को पुलिस का डर है। अतीक जैसे बदमाश को डर लगता है कि पुलिस उसे एनकाउंटर में मार देगी। कभी वह खुद अदालत, खुद जज हुआ करता था, आज वह अदालत से सुरक्षा मांगता है, जान बचाने की गुहार लगाता है तो यह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के शासन का कमाल है। उन्होंने कहा माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा तो मिला कर दिखाया है। ऐसी सीएम जनता के लिए गर्व की बात होता है।

### आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर वरिष्ठ आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए समय सारिणी में बदवाल करने की जरूरत है। आप अपने करियर को लेकर थोड़ा परेशान होंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कला के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार से लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपका सपोर्ट करेंगे।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक कार्यों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सीखा भी सकते है। कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है। मित्र से निजी समस्यायों को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बंधित कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी उलझने कम हो सकती हैं। प्रेमी के लिए दिन अनुकूल है। इंजीनियर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, किसी कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकती है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। राजनीतिक और सामजिक कार्यों से जुड़े लोगो की तारीफ हो सकती है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे होने में आसानी होगी। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते है। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप जितना हो सके दूसरों की राय लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है। ऑफिस में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। छात्रों के लिए दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है, पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकरात्मकता आयेगी। महिलाएं शॉपिंग करते समय खुद को थोड़ा काबू में रखें खर्च बढ़ सकता है। थिएटर से जुड़े लोगों के लिये दिन बढ़िया है, आपके काम की तारीफ होगी। इस राशि के विवाहितों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

# श्रीराम हैं अनंत, रामकथा अनंता

(श्रीरामनवमी विशेष)

ललित गर्ग

सचमुच श्रीराम न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के प्रेरक है, पालनहार है। भारत के जन-जन के लिये वे एक संबल हैं, एक समाधान हैं, एक आश्वासन हैं निष्कंटक जीवन का, अंधेरों में उजालों का। भारत की संस्कृति एवं विशाल आबादी के साथ दर्जनभर देशों के लोगों में यह नाम चेतन-अचेतन अवस्था में समाया हुआ है, इस लोक की थाती श्रीराम हैं और व्याप्ति भी श्रीराम। श्रीराम अनंत हैं तो रामकथा भी अनंता हैं, श्रीराम केवल भारतवासियों या केवल हिन्दुओं के मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि बहुत से देशों, जातियों के भी मर्यादा पुरुष हैं जो भारतीय नहीं। रामायण में जो मानवीय मूल्य दृष्टि सामने आई, वह देशकाल की सीमाओं से ऊपर उठ गई। वह उन तत्वों को प्रतिष्ठित करती है, जिन्हें वह केवल पढ़े-लिखे लोगों की चीज न रहकर लोक मानस का अंग बन गई। हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनःर्स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीरामचन्द्रजी का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, राजा दशरथ के घर में हुआ था। रामनवमी का त्यौहार इस वर्ष 30 मार्च 2023 को मनाया जायेगा। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है।

श्रीराम भारत की संस्कृति में, जीवनशैली में, भक्ति में, आस्था में रचे बसे हैं, साहित्य, कला, संगीत, शिल्प सब श्रीराम के बीना अधूरे हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति में, शिल्प में, मंदिरों और गुफाओं में भी दिखायी देते हैं, हंपी हो या एलोरा, सब जगह रामकथा अभिव्यक्त है। चित्रकला की बात करें, तो राजस्थानी बूंदी, कोटा, मिथिला, मंजूषा और मराठी चित्रकला में राम-सीता सबसे अधिक उकेरे जाते हैं। मुगल या मध्यकाल में विकसित दक्कन, राजपुर और पहाड़ी शैलियों में बने भित्ति एवं तैलचित्रों में भी रामकथा प्रसंग है। कांगड़ा, कुल्लू, बसोली, माडू, बुंदेली हर संस्कृति में श्रीराम जीवन एवं उनके जीवन-कथानकों की छाप है। श्रीराम मुद्रा का प्रचलन भी कई शासन काल में रहा है। यहीं नहीं, महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन 'रघुपति राघव राजा राम' में भी राम धुन ही रची गयी है। कहने का तात्पर्य यह कि जब जीवन के घट-घट में श्रीराम का वास है, तो हमारे सामाजिक जीवन और चरित्र से श्रीराम अलग कैसे हो सकते हैं? हमें उसमें भी 'श्रीराम' को साकार करके रामराज्य के विस्तार की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अवश्य सोचना चाहिए, इसी दिशा में श्रीराम मन्दिर की महत्वपूर्ण भूमिका बनने जा रही है।

इस वर्ष श्रीरामनवमी का महत्व इसलिये ज्यादा महत्वपूर्ण है कि श्रीराम मन्दिर वर्षों के इंतजार के बाद तय सीमा से पहले बनकर तैयार हो जायेगा और प्रभु श्रीराम अपने भव्य दरबार में विराजमान होंगे। 2024 मकरसंक्रांति तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। श्रीराम सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इस दृष्टि से श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा। आज असंख्य जनमानस की व्यापक आस्थाओं के कण-कण में विद्यमान श्रीराम के मन्दिर बनकर तैयार होना, एक अनूठी एवं प्रेरक घटना है, एक कालजयी आस्था के प्रकटीकरण का अवसर है, जो



भारत के लिये शक्ति, स्वाभिमान, गुरुता एवं प्रेरणा का माध्यम बनेगी। इससे हिन्दू राष्ट्र के निस्तेज होते सूर्य को पुनः तेजस्विता एवं गुरुता प्राप्त होगी।मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मन्दिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में हुआ था जो नये भारत के अभ्युदय की शुभ एवं गौरवमय ऐतिहासिक घटना बनी, जो युग-युगों तक इस देश को सशक्त बनाने का माध्यम बनती रहेगी। श्रीराम मन्दिर निर्माण की भूमिका तक पहुंचने के लिये असंख्य लोगों की आस्था एवं भक्ति के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी का लम्बा संघर्ष रहा है, यह मन्दिर निर्माण उनके सुदीर्घ संघर्ष की जीत है। इस जीत के बाद भी अभी और भी बहुत तरह के संघर्ष बाकी है। असली मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा तभी होगी जब हिन्दू समाज कुरीतियों-कुरूढियों-विकृतियों मुक्त होगा, आडम्बर एवं प्रदर्शन मुक्त होकर समतामूलक समाज की स्थापना करेगा, श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन का ध्येय बनायेगा। भारत अपने आत्म-सम्मान एवं शक्ति को हासिल करते हुए सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक-आर्थिक स्तर पर विश्व गुरु की भूमिका का निर्वाह करेगा। हमें शांतिप्रिय होने के साथ-साथ शक्तिशाली बनकर उभरना होगा, ताकि फिर कोई आक्रांता हमें कुचले नहीं, हम पर शासन करने का दुस्साहस न कर सकें।

यह भारत जिसे आर्यावर्त भी कहा गया है, उसके ज्ञात इतिहास के श्रीराम प्रथम पुरुष एवं राष्ट्रपुरुष हैं, जिन्होंने सम्पूर्ण राष्ट्र को उत्तर से दक्षिण, पश्चिम से पूर्व तक जोड़ा था। दीन-दुखियों और सदाचारियों की दुराचारियों एवं राक्षसों से रक्षा की थी। सबल आपराधिक एवं अन्यायी ताकतों का दमन किया। सर्वोच्च लोकनायक के रूप में उन्होंने जन-जन की आवाज को सुना और राजतंत्र एवं लोकतंत्र में जन-गण की आवाज को सर्वोच्चता प्रदान की। श्रीराम सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इस दृष्टि से श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा। आज हम श्रीराम और श्रीराम कथा को लेकर भाषा, जाति और अमीर-गरीब के बीच विभाजित हो जाते हैं, जबकि श्रीराम और श्रीराम कथा में प्रजातांत्रिक दर्शन भी है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। वनवास यात्रा में केवट को अपना बनाना, शबरी के जूठे बेर खाना क्या लोकतांत्रिक जीवन दर्शन का उदाहरण नहीं है? सीता की खोज में हनुमान, सुग्रीव, नल-नील, जटायु से सहयोग लेना, प्रजातंत्र में जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर शासन-व्यवस्था चलाने का दर्शन नहीं है? आज आवश्यकता है श्रीराम और श्रीराम कथा के आलोचना से भी प्रजातांत्रिक गतिशीलता की तलाश की जाये और देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को गतिशील बनाया जाये। प्रजातंत्र या लोकतंत्र भी जनप्रतिनिधियों के सामने वैज्ञानिक आचार संहिता का विचार रखता है। फिर श्रीराम चरित्र या श्रीराम कथा को नैतिकता के आचार संहिता में पुनर्पाठ या पुनर्परिभाषित क्यों नहीं की जा सकती है? आवश्यकता त्याग के नियंत्रित भोग से राजनीतिक संस्कृति विकसित करने की है न कि श्रीराम के नाम पर घटिया राजनीति करते हुए उनके चरित्र को धुंधलाने की। भगवान श्रीराम अविनाशी परमात्मा हैं जो सबके सृजनहार व पालनहार हैं। दरअसल श्रीराम के लोकनायक चरित्र ने जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया। भारत में ही नहीं, दुनिया में श्रीराम अत्यंत पूज्यनीय हैं और आदर्श पुरुष हैं। थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि कई देशों में भी श्रीराम आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। श्रीराम केवल भारतवासियों या केवल हिन्दुओं के मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि बहुत से देशों, जातियों के भी मर्यादा पुरुष हैं जो भारतीय नहीं। रामायण में जो मानवीय मूल्य दृष्टि सामने आई, वह देशकाल की सीमाओं से ऊपर उठ गई। वह उन तत्वों को प्रतिष्ठित करती है, जिन्हें वह केवल पढ़े-लिखे लोगों की चीज न रहकर लोक मानस का अंग बन गई। इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम राष्ट्र में नागरिक रामलीला का मंचन करते हैं तो क्या वे अपने धर्म से भ्रष्ट हो जाते हैं? इस मुस्लिम देश में रामलीलाओं का मंचन भारत से कहीं बेहतर और शास्त्रीय कलात्मकता, उच्च धार्मिक आस्था के साथ किया जाता है। ऐसा इसलिये संभव हुआ है कि श्रीराम मानवीय आत्मा की विजय के प्रतीक महापुरुष हैं, जिन्होंने धर्म एवं सत्य की स्थापना करने के लिये अधर्म एवं अत्याचार को ललकारा। इस तरह वे अंधेरों में उजालों, असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई के प्रतीक बने।

# लो आ गया पत्रकारिता का 'गटर काल'

मीडिया

निर्मल रानी



देश इन दिनों बड़े ही अजीबो-ग़रीब दौर से गुज़र रहा है। मुख्यधारा का भारतीय मीडिया जो सत्ता के समक्ष 'षाष्टांग दंडवत ' हो चुका है। देश के लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पुकारा जाने वाला भारतीय मीडिया अब 'गोदी मिडिया' कहकर सम्बोधित किया जाने लगा है। पूरे विश्व की निगाहें इस समय उस चाटुकार भारतीय मीडिया पर टिकी हुई हैं जो सत्ता के प्रवक्ता के रूप में अपना काम कर रहा है। दुनिया देख रही है कि किस तरह भारतीय गोदी मीडिया सत्ता से नहीं बल्कि विपक्ष से अधिक सवाल कर रहा है। जिस मीडिया से निष्पक्ष पत्रकारिता की उम्मीद की जाती थी वह पूर्णतः न केवल पक्षपातपूर्ण हो गया है बल्कि सत्ता के गुप्त एजेंडे को भी आगे बढ़ा रहा है। देश के उच्च व सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार इसी मीडिया की कड़ी आलोचना कर चुके हैं। यह वही बेशर्म मीडिया है जिसने कोरोना जैसे महामारी के अभूतपूर्व संकट काल में भी साम्प्रदायिकता का ज़हर फैलाने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखी। देश में सैकड़ों ऐसी घटनायें हो चुकी हैं जबकि मीडिया को अपने सिर आँखों पर बिठाने वाली जनता ने इनकी पक्षपातपूर्ण,अफ़्वाहबाज़ व एजेंडा पत्रकारिता के कारण इन्हें बुरी तरह दुत्कारा व अपमानित किया है। जनता ने अनेक बार इन्हें धक्के मार कर कई आयोजनों से बाहर किया है। कई बार तो लाइव डिबेट के दौरान ही अतिथि वक्ताओं ने इनकी एजेंडापूर्ण ग़ुलाम पत्रकारिता के लिये इन्हें ख़ूब अपमानित किया। ऐसे चाटुकार,गलाफाड़ और मूर्ख क़िस्म के 'पत्थर कारों ' के चित्रों व उनके 'ज़लालत' भरे कारनामों से सोशल मीडिया भरा पड़ा है।

केवल अपनी चाटुकारिता व सत्ता की ख़ुशामद परस्ती को परवान चढ़ाने के लिये इस कथित पत्रकारिता ने पूर्णतः व्यव्सायिकता का लबादा ओढ़ लिया है। कुछ ऐसे मामले भी सामने आये जिसमें इसी 'ग़ुलाम मीडिया ' के लोग केवल अपने चैनल की टी आर पी बढ़ाने के लिये लोगों को रिश्वत देते हुये सामने आये। तंत्र,मन्त्र,जादू टोना,धर्म के नाम पर कहानी क़िस्से से लेकर स्टूडियो में विवादित विषयों पर बहस कराकर जनता में उत्तेजना फैलाने यहाँ तक कि स्टूडियो में लात जूते चलाने गाली गलौच करने तक के दृश्य देखे जा चुके हैं। इन्हीं घटिया व भोंदू एंकर्स को रिपोर्टिंग के दौरान 'नागिन डांस ' करते भी देखा गया है। अभद्र भाषा का प्रयोग,गालियां, वक्ताओं को अपमानित करना यहाँ तक कि न्यूज़ रूम की मिलीभगत से स्टूडियो में बम और रॉकेट जैसे कट आउट लाकर डर धौंस जमाने की बातें करना, यही आज के भारतीय मुख्य धारा के मीडिया का स्तर रह गया है। और उसपर तुर्रा यह भी कि यही बदनाम ज़माना मीडिया जिसके चलते पूरी भारतीय



पत्रकारिता पूरी दुनिया में बदनाम हो रही है वही 'गोदी मीडिया ' स्वयं यह भी तय कर रहा है कि कौन राष्ट्रभक्त है और कौन राष्ट्रद्रोही। वही बता रहा है कि कौन देश की छवि धूमिल कर रहा है और कौन देश का नाम रौशन कर रहा है।

गत दिनों इसी बेशर्म मीडिया का एक निम्नतम स्तर का कवरेज उस समय देखने को मिला जबकि अपराधी से नेता बने पूर्व सांसद व विधायक अतीक़ अहमद के साबरमती से प्रयागराज कूच के बारे में रिपोर्टिंग की जा रही थी। इलाहबाद में हुये उमेश पाल अपहरण कांड में 28 मार्च को अदालती फ़ैसला आने की ग़रज़ से अतीक़ अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा था। ख़बरों के अनुसार उसे 45 पुलिसकर्मियों और 6 वाहनों के क़ाफ़िले के साथ भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच इलाहबाद लाया जा रहा था। लगभग 1300 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर ख़ुफ़िया व सुरक्षा तंत्र पूरी तरह मुस्तैद थे। साबरमती जेल से निकलते समय मीडिया से बात करते हुये अतीक़ अहमद ने अपनी जान को ख़तरे का संदेह जताया था। अतीक़ ने कहा था कि - कोर्ट के कंधे पर रखकर मुझे मारना चाह रहे हैं। अतीक़ के वकील ने भी यही कहा था कि उन्हें अतीक़ का फ़र्ज़ी एनकाउंटर किये जाने का डर है। उधर 2 जुलाई 2020 को कानपुर के निकट हुये बिकरू काण्ड में जिसमें कि एक पुलिस उपाधीक्षक व एक थानेदार सहित आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी गयी थी और इसी अपराध के मुख्य आरोपी विकास दूबे को जिसे उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर से गिरफ़्तार कर कानपुर लाया जा रहा था और कानपूर के क़रीब ही उसे मुठभेड़ में यह बता कर पुलिस ने मार गिराया था कि गाड़ी पलटने के बाद वह पुलिस कस्टडी से भागना चाह रहा था। इस विकास दूबे मुठभेड़ काण्ड के पूरे संदिग्ध घटनाक्रम के बाद अतीक़ अहमद की साबरमती जेल से प्रयागराज तक की निगरानी का पूरा कवरेज करने तक की बात तो समझ में आ सकती है।

परन्तु झाँसी पुलिस लाइन में रात बिताने के बाद जब अतीक़ को लेकर पुलिस क़ाफ़िला इलाहबाद के लिये चला तो रस्ते में अतीक़ को लघुशंका महसूस हुई। इसके लिये पुलिस ने रास्ते में गाड़ी क्या रोकी कि क़ाफ़िले के साथ चल रहे इस बेशर्म मीडिया के कई चैनल अतीक़ के ठीक पीछे जाकर उसके मूत्र विसर्जन का कवरेज करने लगे। वहां तो उसका मूत्र विसर्जन लाइव कवर करने के लिये बेशर्म मीडिया के कई चैनल पेशाब की धार को क़रीब से क़रीब जाकर देखने के लिये आपस में ही धक्का मुक्की भी करने लगे। और सीधे प्रसारण में उसके पेशाब की धार तक दिखाने लगे। और चीख़ चीख़ कर उसके मूत्र विसर्जन में भी ' उत्तेजना ' देखने लगे। शायद भारतीय मीडिया की बेशर्मी भरे प्रसारण के इतिहास में भी यह सबसे शर्मनाक प्रसारण था जिसमें देश की जनता को भला क्या दिलचस्पी हो सकती है कि वह किस अंदाज़ में कब कहाँ और कितना मूत्र विसर्जित कर रहा है। परन्तु घटिया व बेशर्म गोदी मीडिया के लिये शायद यह कौतूहल भरा क्षण रहा होगा तभी इस किसी के अति व्यक्तिगत क्षण को भी उसने चीख़ चिल्ला कर पेश किया ? बेशर्म मीडिया के इस कवरेज को देखने के बाद अब मुख्यधारा की कही जाने वाली भारतीय पत्रकारिता को पत्रकारिता का 'गटर काल ' कहना बिल्कुल ग़लत नहीं होगा।

# काम न करने का हक

व्यंग्य

श्रुति व्यास

फ्रांसिसी लड़ रहे है। राष्ट्रपति और सरकार की नींद हराम हुई पडी है। उनका मुद्दा है कि हम आलसी हैं तो क्या हुआ। इसके लिए भी हमें पैसे मिलने चाहिए। जिंदगी फुर्सत, आराम और समय की लक्जरी में गुजरे यह मनुष्य का अधिकार है। हम ज्यादा काम नहीं करेंगे। हम जल्दी रिटायर होंगे। साल में छह सप्ताह छुट्टी करेंगे और सप्ताह में सिर्फ 39 घंटे काम। संदेह नहीं मन के सुख, अधिकार, हुकूक के लिए लड़ना फ्रांसीसियों के खून में है।तभी तो फ्रांस इंसानी हक की क्रांतियों का देश है। सन् 1789की स्वतंत्रता, समानता, भाईचारे की क्रांति से शुरू परंपरा 1944 और उसके बाद 1968 में झलकी। अब वापिस सड़कों पर जनता उमडी हुई है। चार्ल्स डी गॉल ने अपने देश के बारे में वैसे ही नहीं कहा था कि वहां राजनीति सतत उबाल पर रहती है। राष्ट्रपति इमेन्युअल मेक्रान के पेंशन सुधारों, जिनमें पेंशन प्राप्त करने की न्यूनतम आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष करना शामिल है, को संसद की मंजूरी मिल गई है।इसके बाद प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव मात्र नौ वोटों से नामंजूर हुआ। तब से वहां राजनैतिक तनाव बढ़ता ही जा रहा है।

लोगों का मूड बदला-बदला सा है। पेरिस में रोमांच और रोमांस की जगह हिंसा और तोड़फोड़ का बोलबाला है। यहां तक कि सरकार को ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स की तीन दिन की फ्रांस की यात्रा भी रद्द करनी पड़ी। बढ़ता असंतोष फुटपाथों और गलियों पर छलक रहा है। ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं सहित समाज के सभी वर्ग ङ्क युवा, वृद्ध, पेशेवर, बेरोजगार ङ्क पुलिस से भिड़ रहे हैं, सिटी हॉल के दरवाजों में आग लगा रहे हैं, राजनीतिज्ञों के पुतले जला रहे हैं और पथराव कर रहे हैं।

फ्रांस की वसंती हवाओं में गुस्से, अश्रुगैस और सड़न की गंध घुल रही है। हाँ, सड़न की क्योंकि कचरा उठाने वालों की हड़ताल इस पेंशन सुधार विरोधी आंदोलन के केन्द्र में है। सोमवार को यह हड़ताल चौथे सप्ताह में प्रवेश कर जाएगी। कचरा उठाने वाले कर्मी 2030 में 59 की बजाए 57 वर्ष की आयु में रिटायरी चाहते हैं (सभी के लिए सेवानिवृत्ति आयु 64 वर्ष नहीं है)।राष्ट्रपति मेक्रान कहते हैं कि अगर सरकार को अपने खजाने को खाली नहीं होने देना है और पेंशन के रूप में खासी धनराशि देते रहना जारी रखना है तो पेंशन सुधार जरूरी है। लोगों को दोसाल ज्यादा काम करना चाहिए। विशेषकर इसलिए क्योंकि 1980 के दशक की तुलना में अब फ्रांस के नागरिक दस वर्ष अधिक जी रहे हैं। सरकार के पास आर्थिक भार का तर्क है।जबकि विरोधी कहते हैं कि सरकार बेरहमी से आधुनिक कल्याणकारी राज्य, जो लंबे और कठिन संघर्ष का नतीजा है, को ढ़हा रही है।जाहिर है फ्रांसीसियों के लिए बेहतर समाज वह है जहां कम के कम काम करना पड़े। सन् 1880 में फ्रांस के समाजवादी चिंतक पॉल लाफार्ज ने एक पुस्तक लिखी थी जिसका शीर्षक था 'आलसी होने का हक्'।इस पुस्तक में उसने कहा था कि हर दिन व्यक्ति को केवल तीन घंटे काम करना चाहिए और उन्होने 'काम से प्रेम करने के पागलपन' की सख्त शब्दों में निंदा की थी। लगभग दो दशक पहले एक किताब 'हेलो आलस्य' प्रकाशित हुई। इसमें बताया गया था कि काम करने से कैसे बचा जा सकता है और वहा यह बेस्टसेलर पुस्तक थी। सन् 1982 में फ्रांस्वा मित्तरॉ ने सेवानिवृत्ति की आयु 65 से घटाकर 60 वर्ष की थी। दो दशक बाद फ्रांस ने 35 घंटे का वर्किंग वीक लागू कर दिया। सन् 1990 में 60 प्रतिशत फ्रेंच काम को 'बहुत महत्वपूर्ण' मानते थे। सन् 2021 में इनका प्रतिशत मात्र 24 रह गया। महामारी ने काम को महत्वहीन मानने वालों की संख्या में वृद्धि की है। फ्रेंच नहीं चाहते कि काम का उनके जीवन में केन्द्रीय महत्व हो और इस स्थिति से छेड़छाड़ करने वाले किसी भी नेता को वे पसंद नहीं करते। परंतु मेक्रान अपने पूर्ववर्तियों से अलग हैं। वे अपने निर्णय से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मालूम है कि 2027 में उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद संवैधानिक प्रावधानों के चलते वे फिर से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इसलिए उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने अलोकप्रिय हैं। संसद में उनका बहुमत नहीं है परंतु इसके बाद भी वे एक विशेष संवैधानिक प्रावधान का उपयोग करके पेंशन सुधार लागू करवा सकते हैं। इससे लोगों में असंतोष और बढ़ेगा। इतिहास गवाह है कि फ्रेंच लोग विरोध, प्रदर्शनों और क्रांति की सुगबुगाहट को बेहद पसंद करते हैं और स्वयं को अपने जीवन का एकमात्र मालिक मानते हैं। हो सकता है कि मेक्रान जो कर रहे हैं वह देश की भलाई के लिए हो। परंतु इसका परिणाम क्या होगा यह कहना मुश्किल है। यह भी हो सकता है कि सन् 2027 में फ्रांस घोर दक्षिणपंथी नेता मरीन ला पेन को सिर आंखों पर बिठा ले।

सेहत

## गर्मी में रोज केला खाएं, इन 5 बीमारियों को दूर भगाएं, सेहत को फायदे ही फायदे

गर्मी का मौसम आ गया है. अब सेहत का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है. ऐसे में खानपान का रोल बढ़ जाता है. ऐसी चीजों का ज्यादा सेवन करना चाहिए जो बॉडी को हाइड्रेटेड रखें और आपको हेल्दी...गर्मी में फलों का सेवन भी किया जाता है. अगर आप भी इस मौसम में खुद को हेल्दी रखना चाहते हैं तो रोजाना की डाइट में केले को शामिल कर लें. यह सेहत को गजब का फायदा पहुंचाता है. स्किन पर तो यह कमाल का असर दिखाता है. अगर आपके खानपान में केला शामिल है तो आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे. आइए जानते हैं गर्मी में केला खाने के फायदे..



**एनर्जी का पॉवर हाउस है केला**-केला एनर्जी का पावरहाउस है. यह कार्बोहाइड्रेट का शानदार सोर्स है। अगर आप केला खाते हैं तो आपकी बॉडी को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है. इसे खाने से आप दिनभर ऊर्जा से भरे रहते हैं. सुबह ऑफिस या कॉलेज जाते वक्त केला खाने से दिनभर आप एनर्जेटिक बने रहते हैं.

**स्ट्रेस भगाए, करे टेंशन फ्री**-स्ट्रेस में केला काफी फायदेमंद होता है. इसमें ट्रिप्टोफैन नाम का तत्व पाया जाता है. यह शरीर में सेरोटोनिन बनाने का काम करता है। स्ट्रेस को कम करने में सेरोटोनिन काफी काम आता है. मतलब अगर आप केला खाते हैं तो स्ट्रेस आपके पास भी नहीं फटकता है.

**दिल को रखता है दुरुस्त**-हार्ट की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो हर दिन केले का सेवन करें. इसमें पोटैशियम की मात्रा भरपूर पाई जाती है. यह हार्ट को सही तरीके से काम करने में हेल्प करता है. केले में विटामिन बी 6 की भी प्रचुरता होती है. यह भी हार्ट के लिए फायदेमंद होता है.

**चेहरा चमकदार बनाए**-अगर आप स्किन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं तो केला काफी फायदेमंद होता है. यह आपकी स्किन की समस्या से छुटकारा दिला सकता है. केला खाने से चेहरा चमकदार बनता है और स्किन खिली-खिली बनती है.

**डाइजेशन की समस्या करे दूर**-केला खाने से पाचन की समस्याएं दूर हो सकती है. अगर आप कब्ज, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से जूझ रही है तो केला खाना फायदेमंद हो सकता है.

## एक नजर

### 1 अप्रैल से लागू होगी बेरोजगारी भत्ता योजना, पात्र को प्रतिमाहे 2500 रुपए

**महासमुंद, 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू होने जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को हर माह 2500 रुपए का भुगतान सीधे दिए गए उनके बैंक खाते में जाएगा। बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत हितग्राहियों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने आवेदक के पूरे परिवार की आय सालाना 2.50 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, 18 वर्ष से कम आयु के आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है।इस योजना के लिए कौशल विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह ऑनलाइन बेरोजगारी भत्ता का भुगतान, संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (रोजगार) द्वारा किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में श्रमिकों की न्यूनतम वेतन की नई दरें तय

**महासमुंद, 30 मार्च।** विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिको के लिए श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 1 अप्रैल 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक के लिए न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है। यह दरें 45 अनुसूचित, सामान्य नियोजन के लिए प्रतिदिन 20 रुपए और प्रतिमाह 260 रुपए की वृद्धि की गई है। कृषि नियोजन में कार्य श्रमिको के लिए 225 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। इसी तरह से अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों के लिए प्रति एक हजार अगरबत्ती के लिए 5 रुपए 85 पैसे की वृद्धि की गई है।न्यूनतम वेतन की निर्धारित दरों के लागू होने पर अब अकुशल श्रमिक जोन अ के लिए 10 हजार 480 रुपए, जोन ब के लिए 10 हजार 200 रुपए और जोन स के लिए 9 हजार 960 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। इसी तरह से अर्द्धकुशल श्रमिकों को जोन अ के लिए 11 हजार 130 रुपए, जोन ब के लिए 10 हजार 870 और स के लिए 10 हजार 610 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम देय होगा। इसी तरह से कुशल श्रमिकों जोन अ के लिए 11 हजार 910 रूपए, ब के लिए 11 हजार 650 रुपए और जोन स के लिए 11 हजार 390 न्यूनतम वेतन देय होगा। उच्च कुशल श्रमिकों को जोन अ के लिए 12 हजार 990 रूपए, ब के लिए 12 हजार 430 रुपए और जोन स के लिए 12 हजार 170 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन मिलेगा। कृषि श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन अकुशल कृषि श्रमिकों के लिए 8 हजार 400 रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना में सुहागा बाई को मिली आर्थिक लाभ

**महासमुंद, 30 मार्च।** मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत श्रमिक सुहागा बाई निवासी ग्राम खैरा के खाते में 20 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। जिले में इस योजना में 26 श्रमिक सियान पंजीकृत है। अब तक परीक्षण उपरांत 10 श्रमिक सियान को 20-20 हज़ार की एक मुश्त राशि प्रदाय की गई है। श्रमिक सुहागा बाई ने बताया कि वे खेती-मजदूरी का काम करती है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे से मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना की जानकारी मिली और श्रम विभाग में इसका आवेदन किया।

# नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन के नेतृत्व में निकाली स्वच्छता मशाल रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 30 मार्च।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों तथा विभिन्न संगठनों ने शहर को कचरा मुक्त बनाने अब शहर के समस्त वार्डो में डोर टू डोर पहुंच नागरिकों को स्वच्छता सम्बन्धी सन्देश देते हुए शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने अपील भी करेंगी। अभियान के पहले बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में पालिका की टीम ने महिला स्व-सहायता समूहों के नगर में स्वच्छता मसाल रैली निकाली। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने निकल मशाल रैली के दौरान में टीम ने तिरंगा चौक में आम जनता के साथ शहर को कचरा मुक्त बनाने, शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने, खुले में कचरा नहीं फेंकने, कचरा नहीं जलाने,



जलाशयों में कचरा नही फेंकने, खुले में शौच नही करने सहित अन्य बिंदुओं पर स्वच्छता की शपथ ली। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शेखर दुबे ने सभी को शपथ दिलाई।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि नगर के विकास के साथ ही नगर के स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरूरी है। नगर स्वच्छ सुंदर दिखेगा तो गरियाबंद की अलग पहचान बनेगी। यह सभी के भागीदारी से ही संभव हो सकता है। इस दौरान नगर वासियों से अपील करते हुए प्रतिदिन घर से निकलने वाला कचरा वे खुले में फेंकने के बजाय पालिका प्रशासन से आने वाले वाहनों में ही डालें। तालाब, जलाशय इत्यादि के किनारे गंदगी ना फैलाएं। सुखा और गीला कचरा अलग अलग रखे। रैली के दौरान अनेक युवा महिला एवं नगर के प्रतिष्ठित जनों के साथ ही राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहे।इधर, मिशन समन्वयक दुबे ने बताया कि राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गरियाबंद में स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों तथा संगठनों को शहर को कचरा मुक्त बनाने तथा स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। ये ट्रेनर शहर के समस्त वार्डो में नागरिकों को स्वच्छता सम्बन्धी सन्देश देते हुए शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने अपील भी करेंगी।

मास्टर ट्रेनर कचरे का प्रबंधन सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीकों से करने लोगों को जानकारी देंगे जिसमें मुख्य रूप से कचरे का सोर्स सेग्रीगेशन, खुले में कचरा नहीं फेंकना, कचरा नहीं जलाने, जलाशयों में कचरा नही फेंकना, खुले में शौच नही करना, हर तीन साल में सेप्टिक टैंक की सफाई, होम कम्पोस्टिंग तथा पर्सनल हाइजिन एवं स्वास्थ्य के सम्बंध में लोगों को जागरूक करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### मावा पुलिस केतुल अभियान के तहत बालिका आवासीय विद्यालय आवापल्ली में कार्यक्रम का



**बीजापुर, 30 मार्च,30 मार्च।** थाना प्रभारी आवापल्ली उप निरीक्षक श्री राम नरेश गौतम द्वारा कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सायबर क्राईम, एटीएम फ्राड, मानव तस्करी , महिला सेल से स0उ0नि0 श्रीमति पूनम शर्मा के द्वारा महिला अभिव्यक्ति , गुडटच-बेडटच, सखी वन स्टॉप से श्रीमति शीला भारद्वाज द्वारा महिला उत्पीड़न , पीड़ित महिलाओं को न्यायालयीन सहयोग की व्यवस्था के संबंध में एवं यातायात से अवध सिन्हा के द्वारा यातायात नियम , नियमों का पालन न करने पर होने वाले सड़क दुर्घटना आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया । दुर्घटना के दौरान कैसे प्रथमिक उपचार दिया जाये एवं दुर्घटना के दौरान पीड़ित को त्वरित सहायता पहुचाने के लिये बच्चों को प्रेरित किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 300 बालिकायें उपस्थित रहें ।जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्री राम नरेश गौतम, महिला सेल से सउनि0 श्रीमति पूनम शर्मा, प्रआर0 मनोज किस्पोट्टा, चूनम शर्मा, यातायात से सउनि0 विजय मण्डावी, प्र0आर0 दिनेश खाण्डे, आर0 अवध सिन्हा एवं सखी वन स्टॉप से श्रीमति शीला भारद्वाज एवं अधिनस्थ कर्मचारी के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया ।

### छाल से हाटी सड़क का काम देखने पहुंचे कलेक्टर



**रायगढ़, 30 मार्च।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा जिले में सड़कों का निर्माण जल्द पूरा हो इसके लिए चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। गत दिवस सड़क निर्माण के संबंध में ठेकेदारों की बैठक लेने के बाद आज उन्होंने फील्ड में जाकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने छाल से हाटी के बीच चल रहे काम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण का बारीकी से जायजा लेते हुए ठेकेदार से अब तक हुए कार्य का सारा ब्यौरा लिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि काम तेजी से पूरा करें और काम की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं चलेगा।

सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर श्री सिन्हा ने गत दिवस सभी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की बैठक भी ली थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों के काम की रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है। गर्मी का मौसम सड़कों को बनाने का सबसे अनुकूल समय होता है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए सभी ठेकेदार सड़कों का काम पूरा करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी प्रमुख सड़कों में काम चल रहा है, अतः सभी ठेकेदार तेजी से कार्य पूर्ण करें। जिससे यातायात जल्द व्यवस्थित हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजीव पांडे, जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिन्हा ने बारी-बारी सभी सड़कों के निर्माण की समीक्षा की थी। उन्होंने खरसिया से छाल, छाल से हाटी, हाटी से धरमजयगढ़ और पत्थलगांव से धरमजयगढ़ तक सड़क निर्माण के वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी ली। यहां अलग अलग पैचेज में डबल्यूएमएम और जीएसबी का काम चल रहा है। वहीं जामपाली से घरघोड़ा, घरघोड़ा से पूंजीपथरा और पूंजीपथरा से रायगढ़ तक चल रहे कार्यों की भी उन्होंने जानकारी ली। इन मार्गो पर भी डीबीएम और डबल्यूएमएम किए जाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार छाल से घरघोड़ा और घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग में अलग अलग पैचेस में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी जगहों पर काम में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़कों का काम सबसे प्राथमिकता में लेकर किया जा रहा है।

# अपने ही अधिकारियों के खिलाफ नकारात्मक पोस्ट करने वाला शिक्षक किया गया निलंबित

■ सोशल मीडिया में नकारात्मक पोस्ट करने वाले और विभाग की छवि धूमिल करने वाले शिक्षक पर गिरी गाज

**मोहला,30 मार्च।** अम्बागढ़ चौकी शिक्षा विभाग के एक शोसल मीडिया ग्रुप में शिक्षक ने अपने ही अधिकारियों के ख़िलाफ़ नकारात्मक पोस्ट और अधिकारियों की छवि धूमिल करने वाले पोस्ट पर शिक्षक को संभागीय संयुक्त संचालक ने निलंबित कर दिया है ।




अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के माध्यमिक शाला साल्हे कुसुमकसा में पदस्थ शिक्षक धर्मेंद्र रामटेके के द्वारा शोसल मीडिया के एक वॉट्सएप ग्रुप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी और सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध नकारात्मक पोस्ट कर शिक्षा विभाग और अधिकारियों की छवि धूमिल करने कुस्तित कार्य करने एवं सात मार्च को उक्त ग्रुप में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के ख़िलाफ़ उग्र आंदोलन करने उकसाया गया था। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग हरकत में आया है और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया ,एलबी शिक्षक धर्मेंद्र रामटेके का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) 1965 नियम03 के विपरीत होने के कारण संभागीय संयुक्त संचालक ने निलंबित किया है

### पेंशन,वेतन निर्धारण की जांच के लिए त्रैमासिक शिविर का आयोजन

**रायगढ़, 30 मार्च।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के द्वारा जिला रायगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित एवं कार्यालयीन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेंशन/ वेतन निर्धारण की जांच हेतु त्रैमासिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत माह मई में 22 एवं 23 मई को, माह अगस्त में 21 एवं 22 अगस्त को तथा माह नवम्बर में 20 एवं 21 नवम्बर 2023 को शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को नियत तिथि में संबंधित लिपिक के साथ समस्त दस्तावेज/प्रकरण के साथ उपस्थित होकर पेंशन/वेतन निर्धारण की जांच कराने हेतु कहा है।

# जिले में 1 अप्रैल से शुरू होगा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 प्रगणकों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण की शुरुआत हो गयी है। एक अप्रैल से सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वे का काम करेंगी और डाटा एकत्र करेंगी। घोषणा के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण एक अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य किया जाएगा।सर्वेक्षण टीम में तकनीकी जानकारी रखने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल किया गया है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने इसके लिए जिले के सभी विकासखंडों से 12 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए। इन सभी का एक दिवसीय प्रशिक्षण राजधानी रायपुर के पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में दिया गया। सभी प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर आज अपने-अपने विकासखंड में पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया गया।मास्टर ट्रेनरों ने कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इस संबंध में एक तकनीकी रूप से ऐसा सक्षम एप्प तैयार किया गया है, जो डाउनलोड करने के बाद उस एप्प में ऑफलाइन मोड में एन्ट्री की जाएगी। बाद में नेट के ज़रिए डाटा अपडेट किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि को शामिल किया गया है। रोज़ी-रोटी कमाने दूसरे जगह गये परिवार के किसी सदस्य द्वारा दी गई जानकारी एप्प में भरी जाएगी। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होंगी। राज्य शासन की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों का जनता के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन करने और प्राप्त जानकारी पर भविष्य में बनायी जाने वाली जनता की और बेहतर भलाई की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यहा सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है।

## केलो परियोजना की नहरों का निर्माण दिसंबर-23 तक पूरा होने की उम्मीद

**रायगढ़, 30 मार्च।** केलो परियोजना का कार्य 2009 से शुरू हुआ है। इसमें बांध के साथ नहरों के निर्माण के लिए वर्षो पहले भू-अर्जन किया जा चुका है। जिसके लिए किसानों को मुआवजा भी वितरित किया गया है। परियोजना में सभी प्रकार की नहरें मिलाकर कुल 313 कि.मी.की नहरें बनाई जानी है। जिसमें से 248 किमी की नहरें बन चुकी हैं। इसके लिए किसानों से भूमि अधिग्रहित करने तथा उनको मुआवजा वितरित करने के बाद ही विभाग द्वारा काम किया गया। इसी प्रकार पुसौर तहसील के ग्राम नेतनागर के बारे में जानकारी देते ईई केलो परियोजना श्री पी. आर.फूलेकर ने बताया कि नेतनागर में भी भू-अर्जन करीब 10 साल पहले 2013 में ही हो गया है। जिसका मुआवजा तैयार कर विभाग द्वारा जारी भी किया जा चुका है। इसे बांटने के लिए गांव में कई बार कैंप भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिस भूमि पर कार्य करवाया जा रहा है उसे वर्षो पहले अधिग्रहित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नहरों का निर्माण शासकीय परियोजना के तहत किया जा रहा है जिसे पूरा करने के लिए दिसंबर 2023 की समय-सीमा तय की गयी है।

# उन्नयित बलरामदास आधुनिक ग्रंथालय का महापौर ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव 30 मार्च।** नगर निगम द्वारा ठा.प्यारेलाल स्कूल परिसर में बलरामदास ग्रंथालय संचालित किया जा रहा है। जिसका नागरिकों की सुविधा के लिये एवं विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये उन्नयन किया गया। उक्त बलरामदास आधुनिक ग्रंथालय उन्नयन का आज एक संक्षिप्त आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, राजा तिवारी, पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, ठा.प्यारेलाल स्कूल के प्रचार्या श्री भूषण लाल साव विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्र पर्व के दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर बलरामदास आधुनिक ग्रंथालय उन्नयन का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा वर्षो से



ग्रंथालय संचालित किया जा रहा है। पूर्व में कई वर्षो तक टाउन हाल में ग्रंथालय संचालित था और वर्तमान में ठा.प्यारेलाल स्कूल परिसर में ग्रंथालय संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूकि ग्रंथालय पुरानी थी और उसमें पर्याप्त सुविधा नहीं थी, आज के इस आधुनिक युग को ध्यान में रखते हुये एवं नागरिको की सुविधा तथा छात्र छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये आधुनिक ग्रंथालय के रूप में इसका उन्नयन किया गया। इस संबंध में बजट में प्रावधान किया गया था। ग्रंथालय में कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की भी सुविधाये दी गयी है, जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थियों को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों एवं विद्यार्थियों की मांग अनुसार ग्रंथालय में और भी सुविधाए दी जावेगी।आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि ठा. प्यारेलाल स्कूल में संचालित बलरामदास ग्रंथालय का आधुनिक उन्नयन किया गया, जिसका आज महापौर महोदया द्वारा लोकार्पण किया जा रहा है, उक्त ग्रंथालय में आज के समय अनुसार सुविधाए नही थी, जिसे ध्यान में रखते हुये इसका आधुनिक उन्नयन किया गया। ग्रंथालय में कहानिया, उपन्यास, कथा के अलावा अकादमिक एवं अन्य पुस्तके संग्रहित की गयी है। इसके अलावा तीन कम्प्यूटर सेट इंटरनेट की सुविधा के साथ लगाया गया है, जिससे ई-लायब्रेरी की सुविधा भी पूर्ण होगी।महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने नागरिकों व साहित्यकारों से अपील करते हुये कहा है कि आधुनिक ग्रंथालय में आकर इसका लाभ ले साथ ही विभिन्न प्रकार के साहित्यिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, पुस्तके ग्रंथालय में दान करे, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सके। लोकार्पण अवसर पर सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री दिलीप मरकाम व श्री डागेश्वर कर्ष एवं नागरिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने चख के देखी रेडी टू ईट की गुणवत्ता

- स्कूल और छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य अगले शिक्षा सत्र के पहले करें पूरा- कलेक्टर
- जल जीवन मिशन का काम देखने गांवों में पहुंचे कलेक्टर, ग्रामीणों से लिया फीडबैक
- छाल और हाटी के दौरे पर रहे कलेक्टर

**रायगढ़, 30 मार्च।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए नियमित रूप से विभागों के काम-काज की समीक्षा कर रहे हैं और जमीनी क्रियान्वयन देखने लगातार फील्ड का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वे छाल व हाटी क्षेत्र के दौरे पर रहे है। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज छाल के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में पहुंचकर



कलेक्टर श्री सिन्हा ने बच्चों से बात की। बच्चों से मिलने वाले नाश्ते और डाइट के बारे में पूछा। केंद्र में आने वाली बच्ची मानसी ने बताया कि आज नाश्ते में दलिया मिला था और चार्ट के अनुसार डाइट दिया जाता है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली और बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट को चख के उसकी गुणवत्ता परखी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने व गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने तरेकेला गांव में जल जीवन मिशन का काम देखने पहुंचे। यहां उन्होंने पंचायत भवन के पास लगे नल को चालू कर वाटर सप्लाई का जायजा लेने के साथ ही वहां मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में हुए काम का फीडबैक लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में लगभग 600 घर हैं। यहां योजना का कार्य पूरा कर लिया गया। ऊपर मोहल्ले में सोलर आधारित प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सर्वे कर लिया गया है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखंड में जल जीवन मिशन में अब तक जारी टेंडर और वर्क ऑर्डर की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी वर्क ऑर्डर जारी कर काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री डिगेश पटेल, सीईओ जनपद धरमजयगढ़ श्री एस.सी.कछवाहा उपस्थित रहे।

### छात्रावास में स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री सिन्हा ने हाटी के कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्रावास परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कमरों के साथ परदे, चादर की नियमित धुलाई करवाने के लिए अधीक्षिका को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने हॉस्टल के किचन का निरीक्षण किया और बच्चों को मिलने वाले खाने व नाश्ते की भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों के नियमित स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि यहां बच्चियां रहती हैं, अतः उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। छात्रावास में हमेशा जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके अलावा कुडेकेला में बालक छात्रावास के नए भवन का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ठेकेदार से अब तक हुए कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि यहां प्लास्टर का काम हो चुका है अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले शिक्षा सत्र से पहले यहां कार्य पूरा कर लिया जाए।

### अगले शिक्षा सत्र से पहले पूर्ण करें स्कूल की मरम्मत

हाटी प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने यहां के हायर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस स्कूल का अगले शिक्षा सत्र से स्वामी आत्मानंद विद्यालय में उन्नयन होने का रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत की जानी है। इसके साथ ही यहां पृथक से लैब और लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ शासन
न्याय का नया दौर, खुशियाँ लौट रहीं चारों ओर
जारी है न्याय
छत्तीसगढ़, देश का एकमात्र राज्य
जो चिटफंड निवेशकों का पैसा
वापस दिला रहा है...
44 हजार
निवेशकों को
रू. 32 करोड़ +
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

## एक नजर

### आयुक्त ने ठेका वार्डों में लचर सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी



**राजनांदगांव 30 मार्च।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोश चतुर्वेदी ने आज शहर के आंतरिक एवं बाह्य वार्ड स्टेडियम रोड सहदेव नगर, ममता नगर, मोतीपुर, बजरंगपुर नवागांव, जहां सफाई कार्य ठेका के माध्यम से कराया जा रहा है, निरीक्षण कर लचर सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार एवं वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम मे संबंधितों को नोटिस जारी किया गया।निगम आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने ठेका वार्ड क्र. 1, 8, 18 व 23 में निरीक्षण के दौरान वार्ड के नाली एवं गलियों में सफाई का अभाव पाया गया, इसके अलावा सफाई कर्मीयो की पर्याप्त संख्या नही पायी गयी न ही निर्धारित समय तक सफाई करना पाया गया। इस संबंध में वार्ड वासियों से रूबरू होने पर उनके द्वारा भी ठीक से सफाई नहीं होने की शिकायत की गयी। संबंधित वार्ड में मलमा रखना भी पाया गया, जो प्रत्यक्ष रूप से लापरवाही को प्रदर्शित करता है। ठेका वार्ड में इस प्रकार की घोर लापरवाही पर आयुक्त ने नराजगी व्यक्त करते हुये प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को संबंधित ठेकेदार एवं सफाई दरोगा व वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी कर ठेका निरस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सफाई जैसे आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई में गुणात्मक सुधार लाना है। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। साथ ही नागरिकों में भी साफ सफाई के प्रति जागरूकता लाना है, तभी हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी के निर्देश पर वार्ड नं. 1, 8, 18 व 23 के सफाई ठेकेदारों को अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया गया, साथ ही संबंधित सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी को भी अपने कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं सूचना जारी किया गया। वार्ड नं. 1 के सफाई ठेकेदार अध्यक्ष श्री सरस्वती सेवा महिला स्व सहायता समूह, वार्ड नं. 8 के अध्यक्ष गुरूकुल शिक्षण सेवा संस्थान, वार्ड नं. 18 व 23 के अध्यक्ष जय भीम महिला स्व सहायता समूह को नोटिस जारी किया गया, नोटिस में कहा गया कि आपके वार्ड में निरीक्षण के दौरान नाली एवं गलियो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पाया गया, साथ ही वार्ड में उपस्थिति पंजी का उचित संधारण नहीं पाया गया। उपस्थिति पंजी में कर्मचारियों की संख्या अधिक पायी गयी है, जबकि वार्ड मे कम कर्मचारी कार्य करते पाये गये, वार्डवासियों द्वारा भी सफाई संतोषजनक होना नहीं बताया गया। आपका उक्त कृत्य सफाई निविदा के नियम शर्तो का उल्लंघन एवं लापरवाही का घोतक है। आपके इस प्रकार के कृत्य से स्वच्छता सर्वेक्षण में भी गलत प्रभाव पड़ेगा। उपरोक्त कारणों से क्यों न आपके चलित देयक से 50 प्रतिशत राशि कटौति की जावेगी। इस संबंध में उन्होंने निर्देशित किया है कि 3 दिवस के भीतर सफाई में गुणात्मक सुधार लावे एवं समक्ष में लिखित जवाब प्रस्तुत करे। अन्यथा ठेका निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी।इसी कडी में आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने संबंधित वार्ड के सफाई दरोगा श्री मनोज शर्मा तथा वार्ड प्रभारी श्री रामकुमार रगड़े व श्री धनेश बघेल को भी सफाई में लापरवाही में नोटिस जारी किया है कि निरीक्षण के दौरान आपके प्रभारित वार्ड में सफाई व्यवस्था समुचित नही पायी गयी और न ही उपस्थिति पंजी में अनियमिता के साथ साथ ठीक से संधारण नहीं पाया गया, जोकि आपको सौपे गये कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। उपरोक्त लापरवाही के लिए क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावे, इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

विधायक के लाखों रुपये लेनदेन के आरोप के बाद गागड़ा ने प्रेसवार्ता कर किया पलटवार

# विधायक दस दिवस की भीतर आरोप सिद्ध करें नहीं तो मानहानि का दावा : गागड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 30 मार्च।** विधायक दस दिवस के भीतर आरोप सिद्ध करे नही तो मानहानि का दावा करने की बात पूर्व मंत्री गागड़ा ने कही है,स्थानीय विधायक ने प्रेसवार्ता कर पूर्व मंत्री गागड़ा पर तेंदूपत्ता ठेकेदार से लाखों रुपये पैसे लेनदेन करने का सनसनीखेज आरोप के बाद गागड़ा ने पत्रकार वार्ता में पलटवार करते हुए आरोप सिद्ध करने की चुनौती दी है।

विदित हो कि भैरमगढ़ ब्लॉक के इंद्रावती नदी तट पर बसे आदिवासी ग्रामीणों का तेंदूपत्ता तोड़ाई और वाहन से ढुलाई का भुगतान एक वर्ष से नही होने को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री से शिकायत की थी,विषय को लेकर डीएफओ से शिकायत की गई और भाजपा ने नेशनल हाइवे जाम कर विरोध भी किया था। जिसके बाद भी आज पर्यंत तक लाखों रुपये भुगतान नही हुआ है। इसी विषय को लेकर विधायक ने गागड़ा पर पैसे लेनदेन का आरोप लगाया है।

विधायक के आरोप के बाद पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने पत्रकार वार्ता की और विधायक पर जमकर पलटवार करते हुए कहा विधायक आदिवासियों के हित में खड़ा न होकर ठेकेदार का प्रवक्ता बनकर निराधार आरोप लगा रहे हैं, विधायक को चुनौती है वे आरोप सिद्ध करे चूंकि क्षेत्र में बन रही बुरी स्तिथि से घबराकर उलजुलूल बयान दिया है आरोप निराधार और हास्यप्रद है,विभाग,सरकार और पुलिस इनकी है वे जांच करवाएं।

वहीं गागड़ा ने कहा भाजपा हितग्राहियों के हित मे ज्ञापन, पुलिस,विभागीय,मीडिया,सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से लड़ रही है लेकिन विधायक कहीं न कहीं ठेकेदार और डीएफओ को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आंदोलन के बाद भी भुगतान नही हुआ है इस पर विधायक चुप्पी क्यों साधे हैं आगामी दिनों में डीएफओ कार्यालय घेराव आंदोलन को भटकाने के लिए इस प्रकार का आरोप लगा रहे हैं।

गागड़ा ने बताया कि विधायक के आरोप पर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे रहा हूँ उक्त विषय पर निष्पक्ष जांच हो और जांच दस दिवस के भीतर हो जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। वहीं विधायक पर कहा कि विधायक अपने आरोप को साबित करे दस दिन के अंदर, नही हुआ साबित तो विधायक पर मानहानि का दावा करने की बात गागड़ा ने कही है।

ट्रांजेक्शन का जो आधार विधायक ने दिखाया है वह ट्रांजेक्शन ठेकेदार का ही है चूंकि जिस खातेदार का स्टेटमेंट विधायक ने मीडिया के समक्ष रखा है ठेकेदार उस खातेदार के यहाँ किराए पर रहता था और यहाँ का खाता नही होने की स्तिथि में उनके खाते से ठेकेदार ट्रांजेक्शन किया करता था,लेकिन विधायक बिना सच जाने ही राजनीति फायदे लेने की आतुरता दिखाई है सच्चाई से वाकिफ नही है।

प्रेस वार्ता में विधायक ने साझा की बैंक डिटेल

# गागडा और रायडू ने तेंदूपत्ता ठेकेदार से वसूले 91 लाख रुपये: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 30 मार्च।** बुधवार को बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि पूर्व वनमंत्री व भाजपा नेता महेश गागडा और उनके भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू ने तेंदूपत्ता ठेकेदार सुधीर कुमार माणिक को डरा-धमकाकर तेंदूपत्ता मज़दूरों के रुपयों को अपने रिश्तेदार पेखन गागडा निवासी भैरमगढ़ के खाता क्रमांक 11521261288 डलवाए और तेंदूपत्ता मज़दूरों के लाखों रुपयों डकार गए पूर्व मंत्री व भाजपा नेता महेश गागडा और लवकुमार रायडू का यह कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व मंत्री व भाजपा नेता महेश गागडा और लवकुमार रायडू यह भी आरोप लगाया कि तेंदूपत्ता ठेकेदार के 12 मोटर सायकलों को डरा धमकाकर अपने क़ब्ज़े में किया है तेंदूपत्ता मज़दूरी भुगतान कि राशि डरा धमकाकर अपने रिश्तेदार के खाते में ले लिया परिवहन भुगतान के नाम पर अतिरिक्त दबाव बनाने का प्रयास किया है इस पूरे लूट के खेल में पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा और भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू की संलिप्तता के तार सीधे जुड़े हुए है। विक्रम मंडावी ने पत्रकार वार्ता में यह भी कहा कि भाजपा और महेश गागडा जब से हारें है तब से प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर उल-जलूल आरोप लगाकर बदनाम करने में लगे हुए है ताकि वे स्वयं मीडिया की सुर्ख़ियों में बने रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, ज़िला सदस्य सोमारु कश्यप, नगर पालिका परिषद के पुरुषोत्तम सल्लूर, मीडिया प्रभारी राजेश जैन और नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मौसमी इन्फ्लूएंजा एच 3 एन 2 वायरस से बचाव है जरूरी,बरतें सतर्कता

**बलौदाबाजार,30 मार्च।** इस समय मौसमी इन्फ्लूएंजा एच 3 एन 2 मौसम में बदलाव के साथ दिखाई पड़ रहा है। चूंकि ये वायरल बीमारी है, इसलिए किसी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ये आसानी से फैल सकता है. इन्फ्लूएंजा से संक्रमित कोई व्यक्ति जब खांसता या छींकता है तो उसके ड्रॉपलेट हवा में एक मीटर तक फैल सकते हैं और जब कोई दूसरा व्यक्ति सांस लेता है तो ये ड्रॉपलेट उसके शरीर में चले जाते हैं और उसे संक्रमित कर देते हैं। भारत सरकार द्वारा इस बारे में एडवायजरी ज़ारी की गई है।इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की सीज़नल इन्फ्लूएंजा एक तीव्र श्वसन संक्रमण है जो इन्फ्लूएंजा वायरस से होता है। छोटे बच्चे और वृद्ध जिन्हें अन्य कोई रोग हो उन्हें सावधान रहने की आवश्यकता है।

# मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के टीबी रोग से उबर रही आशा

## टीबी दुर्लभ बीमारी नहीं, जागरूक होकर कराएं नियमित उपचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुमा, 30 मार्च।** आमजनो की मंशा रही है कि जिले में ही समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। वहीं जिले के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं सहित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में छत्तीसगढ़ शासन कटिबद्ध है। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित कुम्हाररास सुकमा निवासी आशा भलावी अब मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की टीबी रोग से उभर रही है। टीबी के दवाओं का नियमित सेवन करके 15 से 20 दिनों में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम पाया है। आगामी माह अक्टूबर 2023 तक दवाओं का नियमित सेवन करके टीबी रोग से पूरी तरह स्वस्थ होने की उन्हें पूरी आशा है।

आशा भलावी ने बताया कि माह अक्टूबर 2020 से 15-20 दिनों के अंतराल में ठंडी, बुखार की शिकायत हुई, जिसका उन्होंने पारिवारिक डॉक्टर से जांच उपरांत टायफाइड शिकायत पर नियमित दवाओं का सेवन किया। साथ ही जगदलपुर, महासमुंद सहित अन्य चिकित्सकों के पास रूटीन जांच भी कराया, जिसमें कैल्शियम, खून की कमी और टाइफाइड के लक्षण होने पर बीमारी से संबंधित दवा लेकर सेवन किया, परिजनों के सलाह पर बैगा गुनिया का सहारा लेने के बावजूद भी आशा को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी। आशा के स्वास्थ्य में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं दिखा और दिनों दिन हालात और भी गंभीर होने लगी जिसके वजह से नींद की कमी, भूख की कमी, खून की कमी, कमजोरी, खून की उल्टियां, वजन में गिरावट, चेहरे पर झुर्रियां, चलने, उठने-बैठने जैसी कई प्रकार की समस्या हुई। दो साल तक नियमित दवाओं के सेवन और बिस्तर में पड़ी आशा बीमारियों के दर्द से तंग आकर पारिवारिक चिकित्सक की सलाह ली और तेलंगाना के खम्मम अस्पताल में उपचार कराने पहुंची, जहां एमआरआई के रिपोर्ट से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों में टीबी होने की पुष्टि हुई। दो अलग-अलग जगहों में टीबी की बीमारी पाकर आशा के सामने शारिरीक, मानसिक, आर्थिक परेशानियों के साथ बच्चों की परवरिश, घर की जिम्मेदारी सहित कई समस्या सामने उठ खड़ी हुई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बीमारी से लड़ने की हौसला जुटाई रखीं। इसके बाद उन्होंने करीबियों के सलाह पर जिला अस्पताल में टीबी का इलाज कराने पहुंची, जहां चिकित्सक के परामर्श पर जिला टीबी समन्वयक जयनारायण सिंह ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर बीमारी से संबंधित सभी दवाओं का नियमित सेवन के साथ ही जल्द स्वस्थ होने का भरोसा दिलाया। माह मई 2022 से दवाओं के नियमित सेवन से आशा को 15-20 दिन में ही मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डियों की परेशानी कम होने लगी।

# शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिवों की बेमुद्दत हड़ताल जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भानुप्रतापपुर, 30 मार्च।** प्रदेश पंचायत सचिव संगठक के आव्हान पर भानुप्रतापर विकासखण्ड के समस्त पंचायत सचिव अपने एक सूत्रीय मांग को लेकर परीवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण को लेकर अपने मुख्यालय में काम बंद कर 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हैं। पूरे ब्लॉक के 52 पंचायतों में ताला लटका हुआ है और सारे विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सचित संघ कांकेर के जिलाध्यक्ष संभु साहू द्वारा बताया गया कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा उनके निवास में पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल से 24 जनवरी 2021 को पंचायत सचिवों का दिसंबर 2021 तक शासकीयकरण करने का वादा किया गया था।

ज्ञात हो कि प्रदेश में कार्यरत पंचायत सचिव 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य को जमीनी स्तर पर पूर्ण ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए, राज्य शासन एवं केन्द्र शासन के समस्त योजनाओं को लोकतंत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अतिमहत्वपूर्ण कार्य को कर रहे है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना जैसे गोधन न्याय योजना, (नरवा, गरूआ, धुरवा, बाड़ी) राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते आ रहे है। त्रिस्तरीय पंचायतों राज व्यवस्था जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी शासकीय सेवक है, परन्तु पंचायती राज की बुनियाद आधार स्तंभ ग्राम पंचायत कार्यरत पंचायत सचिव 27 वर्ष बाद भी शासकीय सेवक नही है।

### सीएम की घोषणा के बावजूद नियमितीकरण नहीं

पंचायत सचिव/शिक्षक सम्मेलन इंडोर स्टेडियम रायपुर में 29 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा मंच से पंचायत सचिव का शासकीयकरण करने हेतु घोषणा किया गया था। पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा 17 फरवरी 2023 को पंचायत सचिव के 70 से अधिक प्रतिनिधि मंडल के समक्ष शासकीयकरण आगामी बजट में पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया था, परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 6 मार्च 2023 को प्रस्तुत बजट में पंचायत सचिवों शासकीयकरण का कोई प्रावधान नहीं होने से 10 हजार 568 पंचायत सचिव व उनके परिवार दुखी एवं आक्रोशित है। प्रदेश के लगभग 70 विधायकों द्वारा भी पंचायत सचिवों को शासयकीयकरण करने हेतु अनुंशसा किया गया है।

### मुंजमेटा में आइटीबीपी ने सिविक एक्शन में 200 ग्रामीणों को उपयोगी सामग्री बांटी

**नारायणपुर ।** जिले में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 45वीं बटालियन जिले में विगत कुछ समय से लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 29 मार्च 2023 को श्री भानु प्रताप सिंह सेनानी 45वी वाहिनी के मार्गदर्शन में मुंजमेटा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के अंदरूनी गांवों मरकाबेड़ा, कपसी, बावड़ी, बाग डोगरी के लगभग 200 ग्रामीणों को जरूरी उपयोग हेतु विविध वस्तुएं, सोलर लाइट, दैनिक उपयोग हेतु वर्तन, स्थानीय परिधान के कपड़े आदि का वितरण किया गया है।इस आयोजन में श्री रोशन सिंह असवाल कमान अधिकारी सामरिक मुख्यालय 45वी वाहिनी ने ग्रामीणों को संबोधित किया एवं कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को अपना मित्र समझे बटालियन ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ साथ सहायता व विकास हेतु सदैव तत्पर है।

## समाचार संक्षेप

### विधायक विक्रम मंडावी ने आवापल्ली प्रवास के दौरान विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**बीजापुर, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने आवापल्ली प्रवास के दौरान आवापल्ली के नागरिकों को विकास कार्यों का सौगात देते हुए विभिन्न नवनिर्मित अधोसंरचना का लोकार्पण किया जिसमें मुख्य रूप से आवापल्ली का नवीन बस स्टैंड, आवापल्ली मे नवीन बाजार शेड का निर्माण सहित मिट्टी-मुरुम सड़क, रंगमंच भवन,शामिल है। आवापल्ली मे बस स्टैंड की क्षेत्र के नागरिकों का वर्षों पुरानी मांग जो अब बनकर पूर्ण हो चुकी है ग्रामीणों बताया कि क्षेत्रीय विधायक की तत्परता से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवापल्ली को विकास कार्यों की सौगात दी है जिसका हम सदैव आभारी रहेंगे अब पानी-बरसात, धूप और गर्मी के दिनों में बस का इंतजार करने में कोई तकलीफ नहीं होगी क्योंकि 30-35 किलोमीटर की सफ़र तय करके ग्रामीण आवापल्ली पहुंच कर बस स्टैंड से बस के माध्यम से बीजापुर, तेलंगाना, महाराष्ट्र को जाते है। इसी तरह नवीन बाजार शेड के निर्माण से बाजार व्यवस्थित होगा और सभी मौसम में बाजार मे जाकर खरीदी, बिक्री कर सकते है अब धूप बरसात जैसे मौसम में बाजार मे कोई दिक्कत नहीं होगी। विकास कार्यों के लोकार्पण के अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीणों मे खुशी की लहर देखने को मिला पूरे कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम,जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे,जिला पंचायत सदस्य सोमारुराम कश्यप सरिता चापा,छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान जनपद अध्यक्ष उसूर सुश्री अनिता तेलम सहित सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू एसडीएम मनोज बंजारे उपस्थित थे।

■ **आवापल्ली बस स्टैण्ड एवं नवीन बाजार शेड के लोकार्पण से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी**

### विधायक और जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन का दिया आशीष

**बीजापुर, 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का गरिमामय आयोजन उसूर ब्लाक के आवापल्ली में संपन्न हुआ। जहां 02 जोड़े हिन्दू,04 इसाई,01 मुस्लिम और 20 जोड़े आदिवासी नवदंपति ने अपने-अपने धार्मिक, सामाजिक रीति रिवाज एवं परंपरा अनुसार एक दूसरे के हमसफ़र बने। इस अवसर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे,बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान,जिला पंचायत सदस्य सोमारू कश्यप, सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष अनिता तेलम सहित सहित सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास लुपेन्द्र महिनाग एसडीएम उसूर मनोज बंजारे सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने नव दंपति को सुखद वैवाहिक जीवन का शुभ आशीर्वाद दिए।



### 1 अप्रैल से राशन दुकानों में मिलेगा फोर्टिफाइड चावल

**बलौदाबाजार, 30 मार्च।** पूरे प्रदेश सहित बलौदाबाजार -भाटापारा जिले के 565 राशन दुकानों में एक अप्रैल से फोर्टिफाइड चावल राशन कार्डधारियों को मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए खाद्य विभाग ने आगामी दो महीने का चावल का आवंटन भी जारी कर दिया है। जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया की फोर्टिफाइड चावल में 100:1 के तय अनुपात में मिलाया जाता है। यानी सामान्य 100 दाने चावल में फोर्टिफाईड चावल का एक दाना मिलाया जाता है।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मनीषा करतारसिंग पवार (Manisha Kartarsing Pawar) के नाम से जाना-पहचाना जाता था। अब मैंने अपना नाम बदलकर मनीषा श्रीकांत (Manisha Shrikant) w/o Kandaswamy Shrikant Gopinath कर लिया है। अतः अब मुझे मेरे नए नाम मनीषा श्रीकांत (Manisha Shrikant) के नाम से जाना-पहचाना जाय।

मनीषा श्रीकांत पत्नी कंदास्वामी श्रीकांत गोपीनाथ
ब्लॉक-9 प्लाट-9 प्रियदर्शिनी परिसर ईस्ट, भिलाई. 490023



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र. क्र. अ / 2, वर्ष, 2022-23**
**वाद भूमि ग्राम माचाभाट प.ह.नं. 06**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम माचाभाट प.ह.नं. 06 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती ललिता पति राजू मारकण्डे जाति सतनामी निवासी ग्राम माचाभाट तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने ग्राम माचाभाट प.ह.नं. 06 तहसील सिमगा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 694/1, रकबा 0.0500 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा,नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति तथा ले-आऊट संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 06.04.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 22.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर सिमगा


**जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं**


**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)**
**जिला बाल संरक्षण इकाई, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**

Email Id : iepsjagdalpur@gmail.com Phone No: 07782-222827-222680

**//अभिरूचि का प्रस्ताव (द्वितीय आमंत्रण) सूचना//**

**क्रमांक/एफ-194/349/मबावि/आईसीपीएस/लेखा/2022-23** **जगदलपुर, दिनांक 27/03/2023**

कार्यालय, कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग, जगदलपुर द्वारा संचालित समस्त शासकीय बाल देखरेख संस्थाएं अधीक्षक, बाल गृह (बालक), सम्प्रेक्षण गृह (बालक/बालिका), विशेष गृह (बालक/बालिका), प्लेस ऑफ सेफ्टी (बालक), सखी वन स्टॉप सेंटर, जगदलपुर हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए खाद्यान्न/राशन, अन्य किराना सामग्री, फल, दूध, सब्जी, अण्डा सामग्रियों की आवश्यकता है। संबंधित विक्रेताओं/प्रदायकर्ताओं से अभिरूची का प्रस्ताव (द्वितीय आमंत्रण) आमंत्रित किया गया है।

इच्छुक प्रदायकर्ता दिनांक 12/4/2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अभिरुचि का प्रस्ताव सील बन्द लिफाफे में कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, नयापारा, जगदलपुर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग नयापारा, जगदलपुर, जिला-बस्तर के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

**( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

जी-99710/4


पूर्व कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष
श्रीमती आशा तंबोली
और श्याम तंबोली की
तरफ से तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनील माहेश्वरी
कांग्रेसी प्रत्याशी
2018 भाटापारा-विधानसभा क्षेत्र


तरुण छत्तीसगढ़ पर भगवान श्रीराम की कृपा बनी रहे
स्थापना के 38 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ की जनता का
शत् शत् नमन
श्री रामनवमी, गुड़ी पड़वा, उगादी,चेट्रीचँड, महावीर-हनुमान
जयन्ती पर भिलाई नगर निगम क्षेत्र की जनता का
शत्-शत् अभिनन्दन..
लघु उद्योग भारती
श्रीमती अनिता अग्रवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष- अ.भा. अग्रवाल महिला सम्मेलन
राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य- अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन
चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायनेस क्लब भिलाई ग्रेट एवं वरिष्ठ समाजसेविका
सत्यनारायण अग्रवाल
भाजपा नेता
पूर्व साडा अध्यक्ष भिलाई-दुर्ग
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-लघु उद्योग भारती छ.ग. प्रदेश


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजकुमार तिवारी
जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता,कवर्धा


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनील दोशी
जिलाध्यक्ष - भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
कबीरधाम


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
प्रगति-पथ पर बढ़ता रहे..
स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर
जामुल नगर पालिका क्षेत्र की जनता का
शत्-शत् अभिनन्दन व बधाई..
मा.नरेन्द्र मोदी जी
मा.डॉ.रमन सिंह जी
मा. विजय बघेल जी
मा. प्रेमप्रकाश पाण्डेय जी
मा. बृजेश बिचपुरिया
मा.डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
मा. अजय बघेल जी
मा.मनीष पाण्डेय जी
श्रीराम
जन्मोत्सव
समिति
भिलाई-जिला
(छ.ग.)
रेखराम बंछोर
पूर्व अध्यक्ष/पार्षद
नगर पालिका परिषद जामुल
जिला उपाध्यक्ष
श्रीराम जन्मोत्सव समिति
भिलाई-छ.ग.
हलधर साहू
सांसद प्रतिनिधि-नगर परिषद-जामुल
अध्यक्ष-श्रीराम जन्मोत्सव समिति,जामुल
अरुण सिंह
प्रिया गुप्ता
सरस बर्मन
मेघनाथ साहू
रामविलास पटेल
रामलाल नायक
भगवान सिंह चौहान
कुलेश्वर वर्मा
डोमेन्द्र बन्छोर
दीपक सिंह
भुवनेश मौर्य
रामचंद साहू
संजय मानिकपुरी
ओमप्रकाश साहू


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमरजीत सिंह छाबड़ा
यूथ क्लब उपाध्यक्ष-कवर्धा


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार प्रगति पथ पर
बढ़ता रहे प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मार्ग प्रशस्त करे
मांगीलाल सोनी
पूर्व अध्यक्ष - जवाहर मार्केट व्यापारी संघ
कैम्प-2 भिलाई
-सौजन्य-
प्रदीप सोनी
प्रदीप ज्वेलर्स
जवाहर मार्केट, भिलाई